# जुलाई 2025 : DCAT मैगज़ीन टेस्ट के उत्तर
## *(August 2025 : DCAT Magazine Test Answer Key)*

| Q. No. | Answer | Q. No. | Answer | Q. No. | Answer | Q. No. | Answer |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (b) | 26. | (a) | 51. | (a) | 76. | (c) |
| 2. | (b) | 27. | (a) | 52. | (c) | 77. | (b) |
| 3. | (c) | 28. | (b) | 53. | (b) | 78. | (c) |
| 4. | (a) | 29. | (a) | 54. | (b) | 79. | (b) |
| 5. | (b) | 30. | (d) | 55. | (c) | 80. | (a) |
| 6. | (d) | 31. | (c) | 56. | (a) | 81. | (b) |
| 7. | (b) | 32. | (a) | 57. | (c) | 82. | (d) |
| 8. | (c) | 33. | (c) | 58. | (c) | 83. | (b) |
| 9. | (a) | 34. | (c) | 59. | (a) | 84. | (d) |
| 10. | (b) | 35. | (b) | 60. | (c) | 85. | (b) |
| 11. | (b) | 36. | (a) | 61. | (c) | 86. | (c) |
| 12. | (b) | 37. | (b) | 62. | (c) | 87. | (c) |
| 13. | (a) | 38. | (c) | 63. | (a) | 88. | (c) |
| 14. | (b) | 39. | (b) | 64. | (c) | 89. | (b) |
| 15. | (a) | 40. | (b) | 65. | (d) | 90. | (c) |
| 16. | (b) | 41. | (a) | 66. | (a) | 91. | (a) |
| 17. | (c) | 42. | (d) | 67. | (c) | 92. | (a) |
| 18. | (c) | 43. | (b) | 68. | (d) | 93. | (c) |
| 19. | (b) | 44. | (d) | 69. | (b) | 94. | (c) |
| 20. | (b) | 45. | (c) | 70. | (c) | 95. | (c) |
| 21. | (b) | 46. | (c) | 71. | (c) | 96. | (c) |
| 22. | (a) | 47. | (c) | 72. | (d) | 97. | (d) |
| 23. | (a) | 48. | (a) | 73. | (b) | 98. | (c) |
| 24. | (b) | 49. | (b) | 74. | (d) | 99. | (c) |
| 25. | (c) | 50. | (b) | 75. | (c) | 100. | (c) |


641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009 | 21, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली | 13/15, ताशकंद मार्ग, निकट पत्रिका चौराहा, सिविल लाइन्स, प्रयागराज | प्लॉट नंबर-45 व 45-A हर्ष टावर-2, मेन टोंक रोड, वसुंधरा कॉलोनी, जयपुर | 47/CC, बर्लिंगटन आर्केड मॉल, विधानसभा मार्ग, लखनऊ | 12, मेन ए.बी. रोड, भँवर कुआँ, इंदौर, मध्य प्रदेश
**Phone:** 8750187501 :: www.drishtiIAS.com

*Copyright – Drishti The Vision Foundation*

## उत्तर व्याख्यासहित

**1. (b)**

**व्याख्या:** भारत में चुनावी प्रक्रिया की आधारशिला भारत का चुनाव आयोग (ECI) है, जिसे अनुच्छेद 324 के तहत चुनावों के संचालन का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। आदर्श आचार संहिता (MCC), यद्यपि कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं है, फिर भी यह राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के लिये नैतिक मानकों को निर्धारित करती है ताकि निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित हो सकें। हालाँकि कथन III गलत है। वर्ष 2024 में, सर्वोच्च न्यायालय ने सभी VVPAT पर्चियों के 100% मिलान की मांग करने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था। वर्तमान प्रणाली के तहत, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में केवल पाँच EVM का VVPAT पर्चियों के साथ यादृच्छिक मिलान किया जाता है। **अत: केवल कथन I और कथन II ही सही हैं।**

**2. (b)**

**व्याख्या:** कथन I गलत है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) गेहूँ, चावल, दालों और तिलहन जैसी 22 फसलों के लिये न्यूनतम मूल्य की गारंटी देता है, लेकिन इसमें गन्ना शामिल नहीं है। गन्ने के लिये उचित और लाभकारी मूल्य (FRP) की गारंटी दी जाती है। इन फसलों की खरीद भारतीय खाद्य निगम (FCI) और नेफेड (NAFED) जैसी एजेंसियों द्वारा की जाती है।

- कथन II सही है। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (DBT) योजनाओं का उद्देश्य किसानों को सीधे नकद सहायता प्रदान करना है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (PM-KISAN), तेलंगाना सरकार की रैयतु बंधु योजना और ओडिशा की कालिया (KALIA) योजना इसके प्रमुख उदाहरण हैं, जो किसानों को वित्तीय स्थिरता प्रदान करने में मदद करते हैं।

**3. (c)**

**व्याख्या:** नीति आयोग ने अपनी रिपोर्ट 'मध्यम उद्यमों के लिये नीति-निर्माण' में इन उद्यमों को मज़बूत करने हेतु कई सिफारिशें की हैं-

- **कथन I सही है,** क्योंकि रिपोर्ट में मध्यम उद्यमों की चलनिधि (लिक्विडिटी) समस्याओं के समाधान हेतु NPA वर्गीकरण की अवधि 90 से 180 दिन करने का सुझाव है।
- **कथन II भी सही है,** जिसमें आपातकालीन निधियों के लिये 5 करोड़ रुपए की पूर्व-स्वीकृत सीमा के साथ एक विशेष क्रेडिट कार्ड का प्रस्ताव है।
- **कथन III गलत है,** क्योंकि रिपोर्ट में आत्मनिर्भर भारत कोष से 25-30% वित्तपोषण आवंटित करने का सुझाव दिया गया है, न कि 50%।
- **कथन IV सही है,** क्योंकि मौजूदा सूक्ष्म एवं लघु उद्यम-क्लस्टर विकास कार्यक्रम का विस्तार कर मध्यम उद्यमों को भी शामिल करने की अनुशंसा की गई है। अत: कुल तीन कथन सही हैं।

**4. (a)**

**व्याख्या:** कथन-I और कथन-II **दोनों सही हैं** तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या करता है। भारत के इज़रायल और ईरान, दोनों के साथ महत्त्वपूर्ण रणनीतिक तथा आर्थिक संबंध हैं। यह संघर्ष भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिये सीधा खतरा उत्पन्न करता है, क्योंकि भारत अपनी तेल आवश्यकताओं का एक बड़ा हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से आयात करता है, जो होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे महत्त्वपूर्ण मार्गों से होकर गुज़रता है। इसके अतिरिक्त, पश्चिम एशिया में लाखों भारतीय प्रवासी रहते हैं, जिनकी सुरक्षा भारत के लिये एक प्रमुख चिंता का विषय है। यह संघर्ष भारत की महत्त्वपूर्ण संपर्क परियोजनाओं, जैसे चाबहार बंदरगाह और भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (IMEC), को भी बाधित करता है, जिससे भारत को अपनी विदेश नीति में एक जटिल संतुलन बनाए रखने के लिये मजबूर होना पड़ता है।

**5. (b)**

**व्याख्या: कथन 1 गलत है:**

- भारत की वर्तमान कार्बन क्रेडिट ट्रेडिंग योजना (CCTS) में इस्पात और ताप विद्युत क्षेत्र अनिवार्य रूप से शामिल नहीं हैं, जबकि ये दोनों क्षेत्र भारत के कुल $CO_2$ उत्सर्जन में महत्त्वपूर्ण हिस्सेदारी रखते हैं।

**कथन 2 सही है:**

- कार्बन बाज़ार की सफलता और विश्वसनीयता के लिये मज़बूत निगरानी, रिपोर्टिंग तथा सत्यापन (MRV) प्रणालियों की आवश्यकता है, ताकि सटीक एवं पारदर्शी उत्सर्जन ट्रैकिंग एवं बाज़ार की विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा सके।

**अत: सही उत्तर विकल्प (b) है।**


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**6. (d)**

**व्याख्याः उपर्युक्त सभी चार युग्म सही सुमेलित हैं।**

- **युग्म I सही हैः** असम के नगाँव ज़िले में ENACT परियोजना के माध्यम से महिला किसानों को जलवायु-अनुकूल कृषि पद्धतियों में सशक्त बनाया जा रहा है।
- **युग्म II सही हैः** गुजरात का मोढेरा गाँव भारत का पहला चौबीसों घंटे सौर ऊर्जा से संचालित होने वाला गाँव बनकर स्वच्छ ऊर्जा पहल में अग्रणी बना है।
- **युग्म III सही हैः** सीमा सड़क संगठन (BRO) ने उत्तराखंड के सीमावर्ती गाँव माणा को 'भारत का अंतिम गाँव' के बजाय 'भारत का प्रथम गाँव' के रूप में मान्यता दी है।
- **युग्म IV सही हैः** मध्य प्रदेश में स्थित अमरकंटक एक महत्त्वपूर्ण तीर्थ और पारिस्थितिक स्थल है, जहाँ से नर्मदा, सोन तथा जोहिला नदियाँ निकलती हैं।

**7. (b)**

**व्याख्याः** युग्म I और II सही सुमेलित हैं, जबकि युग्म III सही सुमेलित नहीं है।

- **युग्म I:** नए FCRA नियमों के अनुसार, प्रकाशन संबंधी गतिविधियों में शामिल NGOs के लिये अब भारत के समाचार-पत्र रजिस्ट्रार से यह प्रमाणित कराना आवश्यक है कि वे मीडिया विनियमों का अनुपालन करते हैं।
- **युग्म II:** विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2020 के तहत, NGOs द्वारा प्रशासनिक व्यय के लिये उपयोग की जा सकने वाली विदेशी अंशदान की सीमा को 50% से घटाकर 20% कर दिया गया है।
- **युग्म III:** 2020 के संशोधन ने विदेशी अंशदान के हस्तांतरण पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। इसका अर्थ है कि एक NGO प्राप्त विदेशी धन को किसी अन्य व्यक्ति या संगठन को उप-अनुदान (sub-grant) नहीं दे सकता, भले ही वह दूसरा संगठन भी FCRA-पंजीकृत क्यों न हो।

  **अतः केवल दो युग्म सही हैं।**

**8. (c)**

**व्याख्याः कथन I सही है।** AI-संचालित उपग्रह 'स्वार्म इंटेलिजेंस' या 'हाइव लर्निंग' का उपयोग करते हैं, जिससे वे एक समूह के रूप में सहयोगात्मक रूप से कार्य कर सकते हैं। वे एक-दूसरे से डेटा साझा करते हैं और सामूहिक रूप से सीखते हैं, जिससे उनकी निर्णय लेने की क्षमता एवं समग्र नेटवर्क का प्रदर्शन बेहतर होता है।

- **कथन II गलत है।** दायित्व अभिसमय (1972), जो बाह्य अंतरिक्ष संधि (1967) पर आधारित है, क्षति के स्थान के आधार पर दायित्व को अलग करता है। पृथ्वी की सतह पर हुई क्षति के लिये "पूर्ण दायित्व" है, जबकि अंतरिक्ष में हुई क्षति के लिये "दोष-आधारित दायित्व" का प्रावधान है। अतः सभी प्रकार की क्षति के लिये पूर्ण दायित्व का सिद्धांत लागू नहीं होता है।
- **कथन III सही है।** हैदराबाद स्थित फर्म 'टेकमी2स्पेस' (TakeMe2Space) द्वारा विकसित 'MOI-TD' (माई ऑर्बिटल इंफ्रास्ट्रक्चर - टेक्नोलॉजी डेमोंस्ट्रेटर) भारत का पहला AI लैब है जिसे अंतरिक्ष में लॉन्च किया जाएगा। इसका उद्देश्य कक्षा में ही वास्तविक समय में डेटा को प्रोसेस करना है, जिससे अंतरिक्ष अनुसंधान अधिक सुलभ और किफायती बन सकेगा।

**9. (a)**

**व्याख्याः** तीनों कथन सही हैं। कथन-I, वीर सावरकर के व्यक्तित्व के दो प्रमुख पहलुओं- राष्ट्रवादी और समाज सुधारक- को प्रस्तुत करता है। कथन-II और कथन-III इन दोनों पहलुओं की सही व्याख्या करते हैं। कथन-II उनके क्रांतिकारी राष्ट्रवादी पक्ष को उजागर करता है, जैसा कि उनकी लंदन स्थित गतिविधियों और 1857 के संग्राम पर उनके लेखन से स्पष्ट है, जिसने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को एक नई वैचारिक दिशा दी। वहीं, कथन-III उनके सामाजिक सुधार के कार्यों को रेखांकित करता है। उन्होंने अस्पृश्यता और जाति-आधारित रूढ़ियों का पुरज़ोर विरोध किया, जिसका प्रमाण रत्नागिरी में 'पतित पावन मंदिर' की स्थापना और अंतर-जातीय विवाहों को दिया गया उनका प्रोत्साहन है। इस प्रकार, उनके राष्ट्रवादी और सामाजिक सुधार के प्रयास मिलकर उनके जटिल व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं, जैसा कि कथन-I में वर्णित है।

**10. (b)**

**व्याख्याः** उपर्युक्त युग्मों में से केवल दो सही सुमेलित हैं।

- **युग्म I गलत हैः** GST अपीलीय न्यायाधिकरण (GSTAT) अपील का दूसरा मंच है, न कि प्रथम। करदाता पहले विभागीय अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील करते हैं और उसके निर्णय से असंतुष्ट होने पर GSTAT में अपील कर सकते हैं।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- **युग्म II सही है:** GST (राज्यों को क्षतिपूर्ति) अधिनियम, 2017 के तहत, राज्यों को GST लागू होने से हुए राजस्व नुकसान की भरपाई के लिये 5 वर्ष की अवधि हेतु क्षतिपूर्ति उपकर लगाया गया था। हालाँकि कोविड-19 के दौरान लिये गए ऋणों को चुकाने के लिये इस उपकर के संग्रहण की अवधि को मार्च 2026 तक बढ़ा दिया गया है।
- **युग्म III गलत है:** ई-इन्वॉयसिंग वर्तमान में ₹5 करोड़ से अधिक टर्नओवर वाले व्यवसायों के लिये केवल व्यवसाय-से-व्यवसाय (B2B) लेन-देन पर अनिवार्य है, न कि व्यवसाय-से-उपभोक्ता (B2C) लेन-देन पर।
- **युग्म IV सही है:** एकीकृत GST (IGST) वस्तुओं और सेवाओं की अंतर-राज्यीय आपूर्ति पर लगाया जाता है। इसे केंद्र सरकार द्वारा एकत्र किया जाता है और बाद में उस राज्य को हस्तांतरित कर दिया जाता है जहाँ वस्तुएँ या सेवाएँ उपभोग की जाती हैं, जो इसके गंतव्य-आधारित सिद्धांत को दर्शाता है।

**11: (b)**

**व्याख्या:** उपर्युक्त में से केवल दो कथन सही हैं।

- **कथन I सही है:** 'नमस्ते' (मशीनीकृत स्वच्छता पारिस्थितिकी तंत्र के लिये राष्ट्रीय कार्य योजना) का मुख्य उद्देश्य असुरक्षित सीवर और सेप्टिक टैंक सफाई प्रथाओं को खत्म करना है। यह स्वच्छता कर्मियों की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने के लिये मशीनीकरण, कौशल विकास तथा वैकल्पिक आजीविका प्रदान करने पर केंद्रित है, जिससे स्वच्छता कार्यों में शून्य मृत्यु का लक्ष्य प्राप्त हो सके।
- **कथन II गलत है:** 'श्रेष्ठ' (लक्षित क्षेत्रों में उच्च विद्यालयों में छात्रों के लिये आवासीय शिक्षा) योजना का उद्देश्य मेधावी अनुसूचित जाति के छात्रों को देश के सर्वश्रेष्ठ निजी आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है, न कि विदेशी शिक्षा के लिये। विदेश में अध्ययन हेतु 'राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति योजना' (National Overseas Scholarship Scheme) है।
- **कथन III सही है:** नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955, अस्पृश्यता के आचरण को दंडित करता है। इस अधिनियम के तहत अपराध संज्ञेय (पुलिस बिना वारंट के गिरफ्तार कर सकती है) और गैर-शमनीय (मामला शिकायतकर्त्ता द्वारा वापस नहीं लिया जा सकता) होते हैं।

**12. (b)**

**व्याख्या:** उपर्युक्त में से केवल दो कथन सही हैं।

- **कथन I सही है:** नगर वन योजना का उद्देश्य जन-भागीदारी के माध्यम से शहरी क्षेत्रों में हरित आवरण बढ़ाना है। इसका लक्ष्य 2027 तक 1000 नगर वन और नगर वाटिकाएँ स्थापित करना है तथा इसके लिये वित्तपोषण प्रतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (CAMPA) निधि से किया जाता है।
- **कथन II सही है:** कुनमिंग-मॉन्ट्रियल वैश्विक जैवविविधता फ्रेमवर्क का लक्ष्य 12 स्पष्ट रूप से शहरी जैवविविधता को संबोधित करता है। इसका उद्देश्य वर्ष 2030 तक शहरी क्षेत्रों में हरित और नीले स्थानों (जैसे- पार्क, झीलें) के क्षेत्र, गुणवत्ता तथा पहुँच में उल्लेखनीय वृद्धि करना है।
- **कथन III गलत है:** मियावाकी विधि तेज़ी से घने वन बनाने की एक जापानी तकनीक है, लेकिन यह देशी (native) पौधों की प्रजातियों के उपयोग पर ज़ोर देती है, न कि विदेशी प्रजातियों पर, ताकि एक आत्मनिर्भर और स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण हो सके।
- **कथन IV गलत है:** सिंगापुर सूचकांक एक अनिवार्य रैंकिंग प्रणाली नहीं, बल्कि शहरों के लिये एक स्व-मूल्यांकन उपकरण (self-assessment tool) है, ताकि वे अपनी जैवविविधता संरक्षण के प्रयासों की निगरानी कर सकें। इसे जैवविविधता पर अभिसमय (CBD) के सचिवालय के साथ साझेदारी में विकसित किया गया था, न कि विश्व आर्थिक मंच द्वारा।

**13. (a)**

**व्याख्या:** कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II, कथन-I की सटीक व्याख्या करता है। भारत में शहरी बाढ़ एक गंभीर और बढ़ती हुई समस्या है, जो मुख्य रूप से अनियोजित शहरी विकास के कारण उत्पन्न होती है। कथन-I इस समस्या की बढ़ती आवृत्ति और तीव्रता को सही ढंग से रेखांकित करता है।

- कथन-II उन विशिष्ट मानव-निर्मित कारणों की व्याख्या करता है जो इस समस्या को बढ़ाते हैं। जैसे-जैसे शहर फैलते हैं, झीलों, तालाबों और आर्द्रभूमियों जैसे प्राकृतिक जल निकायों पर अतिक्रमण हो जाता है, जिससे जल भंडारण की क्षमता कम हो जाती है। इसके अतिरिक्त, ठोस अपशिष्ट के कुप्रबंधन के कारण नालियाँ अवरुद्ध हो जाती हैं और कंक्रीट के बढ़ते उपयोग से पारगम्य सतहों में कमी आती है, जिससे वर्षा जल भूमि में रिसने के बजाय सतह पर बहने लगता है। ये सभी कारक मिलकर शहरी बाढ़ की समस्या को गंभीर बनाते हैं, जैसा कि कथन-I में बताया गया है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**14. (b)**

**व्याख्या:** उपर्युक्त में से केवल दो कथन सही हैं। कथन I और II सही हैं, जबकि कथन III तथा IV गलत हैं।

- **कथन I सही है:** हाल ही में राजस्थान के खीचन और मेनार को रामसर स्थलों की सूची में शामिल किया गया है, जो आर्द्रभूमि संरक्षण की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।
- **कथन II सही है:** इन दो स्थलों (तथा कर्नाटक के तीन अन्य) के जुड़ने के साथ, भारत में कुल रामसर स्थलों की संख्या 80 हो गई है।
- **कथन III गलत है:** रामसर अभिसमय, 1971 में हस्ताक्षरित एक अंतर्राष्ट्रीय संधि है, जिसका उद्देश्य सभी आर्द्रभूमियों (wetlands) के संरक्षण और सतत् उपयोग को बढ़ावा देना है, न कि केवल प्रवासी पक्षियों के संरक्षण को।
- **कथन IV गलत है: खीचन** गाँव को प्रवासी कुरजां (Demoiselle Cranes) के लिये विशेष रूप से जाना जाता है, जबकि **मेनार** को 'पक्षी ग्राम' (Bird Village) के रूप में प्रसिद्धि मिली है।

**15. (a)**

**व्याख्या: कथन I गलत है।** 1975 का आपातकाल "आंतरिक अशांति" के आधार पर घोषित किया गया था। "सशस्त्र विद्रोह" शब्द को 44वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1978 द्वारा "आंतरिक अशांति" के स्थान पर प्रतिस्थापित किया गया था।

- **कथन II सही है।** आपातकाल के दौरान लागू 42वें संशोधन ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल को पाँच से बढ़ाकर छह साल कर दिया था।
- **कथन III सही है।** यह आंतरिक कारणों से घोषित पहला राष्ट्रीय आपातकाल था; पिछले आपातकाल (1962 और 1971) बाह्य आक्रमण पर आधारित थे।
- **कथन IV गलत है।** 44वें संशोधन ने यह सुनिश्चित किया कि अनुच्छेद 20 और 21 के तहत मौलिक अधिकार आपातकाल के दौरान निलंबित नहीं किये जा सकते।
- **कथन V गलत है।** 1975 का आपातकाल प्रधानमंत्री की सलाह पर घोषित किया गया था, न कि मंत्रिमंडल की लिखित सिफारिश पर, जिसे बाद में 44वें संशोधन द्वारा अनिवार्य बनाया गया।

  अत: केवल तीन कथन (I, II और III) सही हैं।

**16. (b)**

**व्याख्या:** उपर्युक्त में से केवल दो कथन सही हैं।

- 'बबीता पुनिया बनाम भारत संघ' (2020) मामले में सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय एक ऐतिहासिक कदम था, जिसने सेना में महिला अधिकारियों के लिये स्थायी कमीशन (PC) का मार्ग प्रशस्त किया।
- **कथन I गलत है:** यह कथन स्थायी कमीशन (PC) और लघु सेवा कमीशन (SSC) की परिभाषाओं को उलट देता है। SSC एक सीमित अवधि (10+4 वर्ष) की सेवा है, जबकि PC सेवानिवृत्ति की आयु तक एक स्थायी कॅरियर प्रदान करता है।
- सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद, महिलाओं को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (NDA) की परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई, जिससे उनके लिये सशस्त्र बलों में अधिकारी के रूप में शामिल होने का एक और मार्ग खुल गया।
- **कथन II गलत है:** यद्यपि महिलाओं की भूमिकाओं का विस्तार हुआ है, फिर भी उन्हें पैदल सेना, बख्तरबंद कोर और विशेष बलों जैसी प्रत्यक्ष युद्धक इकाइयों में शामिल करने की अनुमति नहीं है।
- **कथन III सही है:** कैप्टन शिवा चौहान सियाचिन ग्लेशियर में एक परिचालन पद पर तैनात होने वाली पहली महिला अधिकारी बनीं, जो एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है।
- **कथन IV सही है:** लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिये, सरकार ने चरणबद्ध तरीके से देश के सभी सैनिक स्कूलों में लड़कियों के प्रवेश की शुरुआत की है।

**17. (c)**

**व्याख्या:** केवल तीन कथन सही हैं। कथन I, II और III सही हैं, जबकि कथन IV गलत है।

- **कथन I सही है:** इलेक्ट्रिक वाहनों में आंतरिक दहन इंजन नहीं होता, जिससे वे शून्य टेलपाइप (tailpipe) उत्सर्जन करते हैं। यह शहरों में स्थानीय वायु गुणवत्ता में सुधार करने में सीधे तौर पर सहायक है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- **कथन II सही है:** EVs अपनी भारी बैटरियों के कारण पारंपरिक वाहनों से अधिक वज़नी होते हैं। इस अतिरिक्त वजन से टायरों और ब्रेक पर अधिक दबाव पड़ता है, जिससे घिसाव बढ़ता है तथा गैर-निकास कणिका पदार्थ (non-exhaust particulate matter) का उत्सर्जन अधिक होता है।
- **कथन III सही है:** इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरियों के लिये लिथियम और कोबाल्ट जैसे खनिजों का खनन आवश्यक है। यह प्रक्रिया अत्यधिक जल-गहन होती है और अक्सर स्थानीय जल स्रोतों के प्रदूषण तथा पारिस्थितिक क्षति का कारण बनती है।
- **कथन IV गलत है:** भारत सरकार ने बैटरी स्वैपिंग नीति का मसौदा तो प्रस्तावित किया है, लेकिन यह अभी तक सभी राज्यों में पूर्ण रूप से लागू नहीं हुई है। यह नीति अभी भी विकास और परामर्श के चरण में है।

**18. (c)**

**व्याख्या:** कथन I और III सही हैं। सागरमाथा संवाद नेपाल सरकार द्वारा शुरू किया गया एक द्विवार्षिक वैश्विक मंच है, जिसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन और पर्वतीय पारिस्थितिकी तंत्र जैसे महत्त्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करना है।

- कथन II गलत है, क्योंकि इसका ध्यान केवल जैवविविधता और पर्यटन तक सीमित नहीं है, बल्कि 'जलवायु परिवर्तन, पर्वत और मानवता का भविष्य' जैसे व्यापक विषय पर केंद्रित है। भारत ने इस मंच पर पर्वतीय पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा के लिये एक पंच-सूत्रीय कार्य योजना का प्रस्ताव रखा। इसमें वैज्ञानिक सहयोग बढ़ाना, जलवायु-अनुकूल अवसंरचना (जैसे-GLOF के लिये पूर्व चेतावनी प्रणाली) का निर्माण करना, स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना और हरित वित्तपोषण सुनिश्चित करना शामिल है।

**19. (b)**

**व्याख्या:** युग्म I और II सही सुमेलित हैं, जबकि युग्म III गलत है। संत कबीर 15वीं शताब्दी के एक रहस्यवादी कवि और निर्गुण भक्ति धारा के प्रमुख संत थे।

- **युग्म I सही है:** 'बीजक' कबीर की शिक्षाओं और वाणियों का सबसे प्रामाणिक संकलन माना जाता है, जिसे उनके शिष्यों द्वारा संग्रहीत किया गया था। यह कबीर पंथ का पवित्र ग्रंथ है।
- **युग्म II सही है:** कबीर ने निराकार ईश्वर की भक्ति का उपदेश दिया और तत्कालीन समाज में व्याप्त मूर्ति पूजा, धार्मिक कर्मकांडों और जातिगत भेदभाव का पुरज़ोर विरोध किया।
- **युग्म III गलत है:** कबीर की भाषा आम बोलचाल की थी, जिसे 'सधुक्कड़ी' या 'पंचमेल खिचड़ी' कहा जाता है। यह मुख्य रूप से अवधी, ब्रज और खड़ी बोली जैसी हिंदी की विभिन्न बोलियों का मिश्रण थी, न कि संस्कृत एवं फारसी का।

**20. (b)**

**व्याख्या:** युग्म III और IV सही सुमेलित हैं, जबकि I तथा II गलत हैं। PMLA के तहत ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्मों को 'रिपोर्टिंग इकाई' (reporting entity) के रूप में नामित किया गया है, जिन्हें KYC का पालन करना और वित्तीय खुफिया इकाई (FIU) को रिपोर्ट करना अनिवार्य है, न कि 'सेल्फ-रेगुलेटरी बॉडी' के रूप में। IT नियम, 2021 'ऑनलाइन रियल मनी गेम' को परिभाषित करते हैं और उनके पंजीकरण के लिये एक स्व-नियामक निकाय (SRB) की स्थापना का प्रस्ताव करते हैं। लूट बॉक्स को सही रूप में एक डार्क पैटर्न के रूप में वर्णित किया गया है, जो उपयोगकर्त्ताओं को मनोवैज्ञानिक रूप से धन खर्च करने के लिये प्रेरित करता है। वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (FATF) धन शोधन और आतंकी वित्तपोषण का मुकाबला करने के लिये वैश्विक मानक निर्धारित करता है, जिसमें वर्चुअल डिजिटल परिसंपत्तियों से जुड़े जोखिम भी शामिल हैं। अत: केवल दो युग्म सही सुमेलित हैं।

**21. (b)**

**व्याख्या:** 'उलगुलान' (महाविद्रोह), जिसका नेतृत्व बिरसा मुंडा ने किया, का मुख्य उद्देश्य ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन, सामंती ज़मींदारों और साहूकारों के शोषणकारी तंत्र को समाप्त करना था। यह केवल एक सामाजिक या धार्मिक सुधार आंदोलन नहीं था, बल्कि इसका एक स्पष्ट राजनीतिक लक्ष्य भी था। बिरसा मुंडा ने 'मुंडा राज' की स्थापना का आह्वान किया, जो बाहरी शक्तियों से मुक्त एक स्वायत्त आदिवासी शासन का प्रतीक था। उन्होंने लोगों को लगान न देने और औपनिवेशिक कानूनों का उल्लंघन करने के लिये संगठित किया। यद्यपि आंदोलन में धार्मिक सुधार (बिरसाइत संप्रदाय) और सामाजिक बुराइयों का विरोध शामिल था, लेकिन इसका अंतिम लक्ष्य राजनीतिक स्वतंत्रता तथा संप्रभुता प्राप्त करना था।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**22. (a)**

**व्याख्या:** कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या करता है। जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) अधिनियम, 2023, का मुख्य उद्देश्य 'कारोबार में सुगमता' और 'जीवन यापन में सुगमता' को बढ़ावा देना है। यह अधिनियम इस लक्ष्य को मामूली और गैर-दुर्भावनापूर्ण उल्लंघनों को अपराध की श्रेणी से हटाकर प्राप्त करता है, जिससे शासन में सुधार होता है (कथन-I)।

- इस अधिनियम के तहत, 42 विभिन्न केंद्रीय कानूनों के 183 प्रावधानों में संशोधन किया गया है, जहाँ तकनीकी या प्रक्रियात्मक चूकों के लिये कारावास की सज़ा को वित्तीय दंड से प्रतिस्थापित कर दिया गया है (कथन-II)। यह बदलाव भय और उत्पीड़न के माहौल को कम करता है, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (MSMEs) के लिये तथा न्यायपालिका पर बोझ भी घटाता है, जो सीधे तौर पर शासन सुधार में योगदान देता है।

**23. (a)**

**व्याख्या:** कथन I सही है। वैश्विक महामारी संधि का एक प्रमुख स्तंभ 'रोगजनक पहुँच और लाभ-साझाकरण' (PABS) प्रणाली है। इसके तहत, दवा कंपनियों को महामारी की क्षमता वाले रोगजनकों के नमूनों और डेटा तक पहुँच प्रदान की जाएगी। इसके बदले में, उन्हें संबंधित टीकों, उपचारों तथा निदानों का 10% हिस्सा WHO को निशुल्क और अन्य 10% सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराना होगा। यह प्रावधान विकासशील देशों के लिये जीवनरक्षक उपायों तक न्यायसंगत पहुँच सुनिश्चित करने के लिये महत्त्वपूर्ण है।

- कथन II गलत है। यह संधि स्पष्ट रूप से सदस्य देशों की संप्रभुता का सम्मान करती है। इसमें ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जो WHO को राष्ट्रीय कानूनों को दरकिनार करने या लॉकडाउन, यात्रा प्रतिबंध अथवा टीकाकरण जनादेश जैसे उपाय लागू करने का अधिकार देता हो। सदस्य देश अपनी सार्वजनिक स्वास्थ्य नीतियों पर पूर्ण नियंत्रण बनाए रखते हैं।

**24. (b)**

**व्याख्या:** उपर्युक्त में से केवल दो कथन सही हैं। कथन I और III सही हैं, जबकि कथन II गलत है। सरकार ने GDP के आधार वर्ष को 2011-12 से संशोधित कर 2022-23 करने का निर्णय लिया है। यह संशोधन आवश्यक है क्योंकि यह अर्थव्यवस्था में हुए संरचनात्मक परिवर्तनों, जैसे डिजिटल अर्थव्यवस्था का उदय और नए उद्योगों का विकास, को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित करेगा। इस महत्त्वपूर्ण कार्य के लिये सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) के तहत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) नोडल एजेंसी है। कथन II गलत है क्योंकि भारत वर्तमान में GDP की गणना के लिये एकल-अपस्फीति (single-deflation) पद्धति का उपयोग करता है। यद्यपि दोहरी-अपस्फीति पद्धति को अधिक सटीक माना जाता है, लेकिन इसे अभी तक आधिकारिक तौर पर अपनाया नहीं गया है।

**25. (c)**

**व्याख्या: कथन I सही है:** नीति आयोग में 'टीम इंडिया हब' की स्थापना केंद्र और राज्यों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करने तथा सहकारी संघवाद की भावना को बढ़ावा देने के लिये की गई है।

- **कथन II गलत है:** आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम (ADP) प्रतिस्पर्द्धी और सहकारी संघवाद दोनों का एक मिश्रित उदाहरण है। यह जहाँ एक ओर जिलों के बीच रैंकिंग के माध्यम से स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ावा देता है, वहीं केंद्र, राज्यों और ज़िलों के बीच सहयोग पर भी आधारित है।
- **कथन III सही है:** नीति आयोग राज्यों को बेहतर शासन और नीति कार्यान्वयन के लिये अपने स्वयं के नीतिगत थिंक-टैंक, जिन्हें 'रूपांतरण हेतु राज्य संस्थान' (SITs) कहा जाता है, स्थापित करने में तकनीकी सहायता एवं मार्गदर्शन प्रदान करता है।
- **कथन IV सही है:** नीति आयोग की शासी परिषद (Governing Council) की अध्यक्षता भारत के प्रधानमंत्री करते हैं और इसमें सभी राज्यों के मुख्यमंत्री एवं केंद्रशासित प्रदेशों के उपराज्यपाल शामिल होते हैं। इसकी बैठक सामान्यत: वार्षिक रूप से आयोजित होती है।

**26. (a)**

**व्याख्या:** कथन II सही है, जबकि कथन I और III गलत है।

- **कथन I गलत है:** यह क्षेत्र पाँच देशों – म्याँमार, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और चीन (तिब्बत) के साथ सीमाएँ साझा करता है, न कि चार।
- **कथन II सही है:** कालादान मल्टी-मॉडल ट्रांज़िट ट्रांसपोर्ट परियोजना का उद्देश्य कोलकाता बंदरगाह को म्याँमार के सितवे बंदरगाह से जोड़ना है, जिससे पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिये एक वैकल्पिक समुद्री मार्ग खुलता है और दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ व्यापार सुगम होता है।
- **कथन III गलत है:** पीएम-डिवाइन (पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिये प्रधानमंत्री विकास पहल) एक समग्र योजना है, जो केवल सड़कों पर ही नहीं, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका और अन्य सामाजिक-आर्थिक बुनियादी ढाँचे के विकास पर भी ध्यान केंद्रित करती है।


641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009 | 21, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली | 13/15, ताशकंद मार्ग, निकट पत्रिका चौराहा, सिविल लाइन्स, प्रयागराज | प्लॉट नंबर-45 व 45-A हर्ष टावर-2, मेन टोंक रोड, वसुंधरा कॉलोनी, जयपुर | 47/CC, बर्लिंगटन आर्केड मॉल, विधानसभा मार्ग, लखनऊ | 12, मेन ए.बी. रोड, भँवर कुआँ, इंदौर, मध्य प्रदेश
Phone: 8750187501 :: www.drishtiIAS.com

Copyright – Drishti The Vision Foundation

**27. (a)**

**व्याख्याः** कथन I सही है। डार्क पैटर्न, वेबसाइटों और ऐप्स पर उपयोग की जाने वाली भ्रामक यूज़र इंटरफेस (UI/UX) डिज़ाइन तकनीकें हैं, जो उपयोगकर्त्ताओं को अनपेक्षित निर्णय लेने के लिये प्रेरित करती हैं। इन अनुचित व्यापार प्रथाओं को रोकने के लिये, केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA) ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत वर्ष 2023 में विशिष्ट दिशा-निर्देश जारी किये हैं। ये दिशा-निर्देश CCPA को ऐसी प्रथाओं में लिप्त ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों के विरुद्ध कार्रवाई करने का अधिकार देते हैं, जिससे उपभोक्ता स्वायत्तता और पारदर्शिता की रक्षा होती है।

- कथन II गलत है। 'डार्क पैटर्न' शब्द का गढ़न वर्ष 2010 में यूज़र एक्सपीरियंस (UX) विशेषज्ञ हैरी ब्रिगनुल द्वारा किया गया था, न कि उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा। विभाग और CCPA इस शब्द का उपयोग इन भ्रामक डिज़ाइनों को एक अनुचित व्यापार व्यवहार के रूप में वर्गीकृत करने तथा विनियमित करने के लिये करते हैं।

**28. (b)**

**व्याख्याः कथन I और II सही हैं।** भारतीय प्रेस परिषद (PCI) की स्थापना प्रेस की स्वतंत्रता को बनाए रखने और समाचार-पत्रों के मानकों में सुधार के लिये प्रथम प्रेस आयोग की सिफारिशों पर की गई थी। यह प्रेस परिषद अधिनियम, 1978 के तहत स्थापित एक सांविधिक निकाय है। इसे अर्द्ध-न्यायिक शक्तियाँ प्राप्त हैं, जिसके तहत यह जाँच कर सकता है, लेकिन यह सरकार या किसी अन्य प्राधिकरण से स्वतंत्र होकर एक स्वायत्त निकाय के रूप में कार्य करता है।

- **कथन III गलत है।** PCI के पास दंडात्मक शक्तियाँ सीमित हैं। यह कदाचार के लिये किसी समाचार-पत्र, समाचार एजेंसी, संपादक या पत्रकार को चेतावनी दे सकता है या निंदा कर सकता है, लेकिन यह जुर्माना लगाने या कारावास की सज़ा देने का अधिकार नहीं रखता है। इसी कारण इसे 'बिना दाँतों वाला शेर' (paper tiger) भी कहा जाता है।

**29. (a)**

**व्याख्याः** कथन I सही है, भारत का कॉर्पोरेट बॉण्ड बाज़ार अविकसित है और इसका आकार देश के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का केवल 18-20% है, जो दक्षिण कोरिया (80%) तथा चीन (36%) जैसे अन्य एशियाई देशों की तुलना में काफी कम है।

- कथन II गलत है, क्योंकि भारत में बीमा की पहुँच (Insurance Penetration) वैश्विक मानकों की तुलना में कम है, जो GDP का केवल 4.2% है।
- कथन III गलत है, क्योंकि BFSI क्षेत्र का विनियामक ढाँचा एकीकृत नहीं, बल्कि बिखरा हुआ है, जिसमें RBI, SEBI और IRDAI जैसी विभिन्न संस्थाएँ अलग-अलग क्षेत्रों की निगरानी करती हैं।
- कथन IV भी गलत है, क्योंकि निफ्टी-50 की कुल आय में BFSI क्षेत्र का योगदान वित्त वर्ष 2010 में 16% से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 33% हो गया है, जो इसकी बढ़ती वित्तीय मज़बूती को दर्शाता है।

  अतः केवल एक कथन सही है।

**30. (d)**

**व्याख्याः** कथन (a), (b) और (c) सही हैं। OPEC+ का गठन वर्ष 2016 में OPEC और रूस जैसे 10 गैर-OPEC देशों के बीच एक गठबंधन के रूप में हुआ था, जिसका मुख्य उद्देश्य अमेरिकी शेल तेल से बढ़ती प्रतिस्पर्द्धा का सामना करना था। सऊदी अरब, अपनी विशाल अतिरिक्त उत्पादन क्षमता के कारण, एक 'स्विंग उत्पादक' की भूमिका निभाता है और कीमतों को प्रभावित करने तथा बाज़ार हिस्सेदारी बनाए रखने के लिये उत्पादन समायोजित कर सकता है। ये दोनों समूह मिलकर वैश्विक तेल उत्पादन का लगभग 60% हिस्सा नियंत्रित करते हैं।

- कथन (d) गलत है। यद्यपि वैश्विक तेल की मांग में मंदी देखी जा रही है, OPEC+ ने हाल ही में उत्पादन में कटौती करने के बजाय धीरे-धीरे उत्पादन *बढ़ाने* का निर्णय लिया है। यह रणनीति वर्ष 2023 में शुरू की गई स्वैच्छिक उत्पादन कटौतियों को समाप्त करने और मूल्य समर्थन के बजाय बाज़ार हिस्सेदारी पर फिर से ध्यान केंद्रित करने की दिशा में एक बदलाव का संकेत देती है।

**31 (c)**

**व्याख्याः** कथन I, II और III सही हैं। राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक (NCSC) का पद वर्ष 2014 में बनाया गया था और यह प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) के तहत कार्य करता है। यह विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों के बीच साइबर सुरक्षा मामलों में समन्वय स्थापित करने वाला प्रमुख निकाय है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

भारत की वर्तमान राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति वर्ष 2013 में जारी की गई थी और एक नई नीति अपेक्षित है। भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (CERT-In), सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 70B के तहत स्थापित एक सांविधिक निकाय है, जो साइबर सुरक्षा B घटनाओं पर प्रतिक्रिया देने के लिये राष्ट्रीय नोडल एजेंसी है। कथन IV गलत है, क्योंकि NCIIPC सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में परिभाषित महत्त्वपूर्ण सूचना अवसंरचनाओं (जैसे- ऊर्जा, परिवहन, बैंकिंग) की सुरक्षा के लिये उत्तरदायी है।

**32. (a)**

**व्याख्या:** कथन I सही है। भारत ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम, 2021 के माध्यम से कम उपयोगिता और उच्च अपशिष्ट क्षमता वाली विशिष्ट एकल-उपयोग प्लास्टिक (SUP) वस्तुओं पर प्रतिबंध लगाया है। यह प्रतिबंध 1 जुलाई, 2022 से प्रभावी हुआ और इसका उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण को कम करना है। इसके अतिरिक्त, प्लास्टिक कैरी बैग की न्यूनतम मोटाई को भी चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर 120 माइक्रोन कर दिया गया है।

- कथन II गलत है। विस्तारित निर्माता उत्तरदायित्व (EPR) का सिद्धांत केवल ब्रांड मालिकों तक ही सीमित नहीं है। यह उत्पादकों, आयातकों और ब्रांड मालिकों (PIBOs) सभी को उनके उत्पादों से उत्पन्न प्लास्टिक कचरे के जीवनपर्यंत पर्यावरण-अनुकूल प्रबंधन के लिये संयुक्त रूप से ज़िम्मेदार बनाता है।

**33. (c)**

**व्याख्या:** कथन I और III सही हैं। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) की स्थापना राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम, 2010 के तहत की गई थी। यह पर्यावरण संरक्षण और वनों के संरक्षण से संबंधित मामलों के प्रभावी तथा शीघ्र निपटान के लिये एक विशेष संवैधानिक निकायहै। इसके निर्णय पार्टियों पर कानूनी रूप से बाध्यकारी होते हैं और इसे पर्यावरणीय क्षति के पीड़ितों को राहत तथा मुआवज़ा प्रदान करने का अधिकार है।

- कथन II गलत है। NGT नागरिक प्रक्रिया संहिता, 1908 में निर्धारित प्रक्रिया से बाध्य नहीं है। इसके बजाय, यह 'प्राकृतिक न्याय' के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित होता है। यह लचीलापन इसे जटिल पर्यावरणीय मुद्दों का अधिक प्रभावी ढंग से और तेज़ी से समाधान करने की अनुमति देता है।

**34. (c)**

**व्याख्या:** उपर्युक्त में से केवल तीन युग्म सही सुमेलित हैं।

- **युग्म I सही है:** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT), NGT अधिनियम, 2010 के तहत स्थापित एक सांविधिक और अर्द्ध-न्यायिक निकाय है, जो पर्यावरणीय मामलों के प्रभावी और शीघ्र निपटान के लिये उत्तरदायी है।
- **युग्म II सही है:** वन सलाहकार समिति (FCA) एक सांविधिक निकाय है जो गैर-वन उपयोगों के लिये वन भूमि के परिवर्तन से संबंधित प्रस्तावों का मूल्यांकन करता है और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को अपनी अनुशंसाएँ भेजता है।
- **युग्म III सही है:** राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (NBWL) की स्थायी समिति, वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत एक सांविधिक निकाय है, जो राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों के भीतर या उनके आस-पास की परियोजनाओं के लिये अंतिम अनुमोदन प्राधिकरण के रूप में कार्य करती है।
- **युग्म IV गलत है:** पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA) अधिसूचना पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) द्वारा जारी की जाती है, न कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) द्वारा। CPCB का मुख्य कार्य प्रदूषण मानकों को निर्धारित करना और उनकी निगरानी करना है।

**35. (b)**

**व्याख्या:** कथन I और II सही हैं। P5 सदस्यों की वीटो शक्ति अक्सर समय पर और निष्पक्ष कार्रवाई को रोकती है, जैसा कि यूक्रेन तथा गाजा संघर्षों में देखा गया है। विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP) संयुक्त राष्ट्र की एक प्रमुख एजेंसी है जो वैश्विक खाद्य सुरक्षा और आपातकालीन सहायता में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

- कथन III गलत है, क्योंकि सैन्य गतिविधियों से होने वाले उत्सर्जन की रिपोर्टिंग वर्तमान में UNFCCC जैसे वैश्विक जलवायु ढाँचों के दायरे से काफी हद तक बाहर है, जो एक बड़ी नीतिगत कमी है।
- कथन IV भी गलत है, क्योंकि क्वाड और ब्रिक्स जैसे मिनिलैटरल मंचों का उदय संयुक्त राष्ट्र के समावेशी ढाँचे को कमज़ोर करता है, न कि सुदृढ़।
- कथन V गलत है, क्योंकि सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य केवल चीन, फ्राँस, रूस, यूके और अमेरिका हैं; भारत और ब्राज़ील इसके स्थायी सदस्य नहीं हैं। अत: केवल दो कथन सही हैं।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**36. (a)**

**व्याख्या:** कथन I सही है। OCI कार्ड भारतीय मूल के विदेशी नागरिकों को कई महत्त्वपूर्ण लाभ प्रदान करता है। इसमें भारत आने के लिये आजीवन एकाधिक-प्रवेश, बहुउद्देशीय वीज़ा शामिल है। इसके अतिरिक्त, उन्हें भारत में किसी भी अवधि तक ठहरने के लिये विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (FRRO) के साथ पंजीकरण करने की आवश्यकता से भी छूट प्राप्त है, जिससे उन्हें यात्रा और निवास में काफी सुविधा होती है।

- कथन II गलत है। OCI दोहरी नागरिकता नहीं है। कार्डधारक भारत के नागरिक नहीं होते हैं और इसलिये उन्हें कोई राजनीतिक अधिकार प्राप्त नहीं होता है। वे भारत में चुनाव में मतदान नहीं कर सकते, लोकसभा या विधानसभा जैसे सार्वजनिक पद के लिये चुनाव नहीं लड़ सकते और न ही राष्ट्रपति या सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश जैसे संवैधानिक पदों पर आसीन हो सकते हैं।

**37. (b)**

**व्याख्या:** कथन I गलत है। आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, 1923 केवल सरकारी अधिकारियों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह देश और विदेश में सभी भारतीय नागरिकों पर लागू होता है। इसके अतिरिक्त, यह गैर-नागरिकों पर भी लागू हो सकता है यदि वे जासूसी जैसी गतिविधियों में शामिल पाए जाते हैं।

- कथन II सही है। इस कानून का प्राथमिक उद्देश्य जासूसी का मुकाबला करना और संवेदनशील सरकारी जानकारी को अनधिकृत रूप से प्रकट होने से रोकना है, ताकि राष्ट्र की संप्रभुता तथा सुरक्षा की रक्षा की जा सके।
- कथन III भी सही है। अधिनियम की धारा 5 विशेष रूप से आधिकारिक रहस्यों के गलत प्रकटीकरण से संबंधित है और किसी भी व्यक्ति द्वारा बिना अनुमति के गोपनीय दस्तावेज़ों को प्रकट करना, अपने पास रखना या वापस न करना एक दंडनीय अपराध बनाती है।

**38. (c)**

**व्याख्या:** कथन I, II और III सही हैं, जबकि कथन IV गलत है। भारत ने लैंगिक समानता में महत्त्वपूर्ण प्रगति की है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिये एक-तिहाई सीटें आरक्षित करता है, जो राजनीतिक सशक्तीकरण में एक मील का पत्थर है। शिक्षा के क्षेत्र में, उच्च शिक्षा में लड़कियों का सकल नामांकन अनुपात (28.5%) लड़कों (28.3%) से आगे निकल गया है। स्वास्थ्य के मोर्चे पर, मातृ मृत्यु अनुपात (MMR) 2014-16 में 130 से घटकर 2018-20 में 97 प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर आ गया है। हालाँकि कथन IV गलत है क्योंकि महिला श्रम बल भागीदारी दर 39.8% तक बढ़ने के बावजूद, यह अभी भी लगभग 50% के वैश्विक औसत से काफी कम है। अत: कुल तीन कथन सही हैं।

**39. (b)**

**व्याख्या:** कथन I और II सही सुमेलित हैं, जबकि कथन III गलत है। RBI की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के लिये वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की वृद्धि दर 7.2% अनुमानित है, जो एक मज़बूत आर्थिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। रिपोर्ट में यह भी अनुमान लगाया गया है कि हेडलाइन मुद्रास्फीति घटकर 4.5% हो जाएगी, जिसे मौद्रिक नीति और आपूर्ति-पक्ष के दबावों में कमी से समर्थन मिलेगा। हालाँकि कथन III गलत है। RBI ने लेखा वर्ष 2023-24 के लिये केंद्र सरकार को ₹2.11 लाख करोड़ का अधिशेष हस्तांतरण अनुमोदित किया है, न कि ₹1.76 लाख करोड़। यह अधिशेष सरकार के लिये एक महत्त्वपूर्ण गैर-कर राजस्व स्रोत है, जो राजकोषीय समेकन में सहायता करता है।

**40. (b)**

**व्याख्या:** न्यू कैलेडोनिया दक्षिण-पश्चिम प्रशांत महासागर में स्थित एक फ्राँसीसी विदेशी क्षेत्र (French overseas territory) है, न कि एक संप्रभु राष्ट्र। यह क्षेत्र विश्व के लगभग एक-तिहाई निकल भंडार के लिये जाना जाता है। हाल ही में यहाँ फ्राँसीसी सरकार द्वारा प्रस्तावित चुनावी सुधारों के कारण गंभीर अशांति देखी गई। इन सुधारों के तहत फ्राँसीसी निवासियों को मतदान का अधिकार दिया जाना था, जिसका स्वदेशी कनक (Kanak) समुदाय ने विरोध किया। कनक समुदाय, जो स्वतंत्रता का एक मज़बूत आंदोलन चला रहा है, को भय है कि इन सुधारों से उनकी राजनीतिक शक्ति कमज़ोर होगी और उनकी स्वतंत्रता की मांगें हाशिये पर चली जाएंगी। इसकी रणनीतिक अवस्थिति इसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण भू-राजनीतिक इकाई बनाती है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**41. (a)**

**व्याख्या: कथन-I सही है:** यह कथन इस आयोजन के केंद्रीय विचार को प्रस्तुत करता है कि वर्ष 2025 के विश्व पर्यावरण दिवस का मुख्य ध्यान भूमि क्षरण और उससे संबंधित मुद्दों पर था।

- **कथन-II सही है और यह कथन-I की व्याख्या करता है:** मेज़बान देश (सऊदी अरब) का स्वयं मरुस्थलीकरण की समस्या से जूझना, इस बात का एक महत्त्वपूर्ण कारण है कि विश्व पर्यावरण दिवस का ध्यान भूमि से संबंधित मुद्दों (कथन-I) पर क्यों रखा गया। मेज़बान देश की भौगोलिक और पर्यावरणीय स्थिति अक्सर आयोजन की थीम को प्रभावित करती है।
- **कथन-III भी सही है और यह भी कथन-I की व्याख्या करता है:** UNCCD की 30वीं वर्षगाँठ का होना भी एक प्रमुख कारण है जिसने इस वर्ष के ध्यान को भूमि पुनर्स्थापन और मरुस्थलीकरण (कथन-I) पर केंद्रित करने के लिये एक सामयिक तथा प्रासंगिक आधार प्रदान किया।
- चूँकि कथन-II और कथन-III दोनों ही सही हैं तथा दोनों स्वतंत्र रूप से इस बात की व्याख्या करते हैं कि विश्व पर्यावरण दिवस का ध्यान भूमि क्षरण पर क्यों था, इसलिये विकल्प (a) सही उत्तर है।

**42. (d)**

**व्याख्या:** तीनों कथन सही हैं। हाल ही में भारत ने नाममात्र सकल घरेलू उत्पाद (Nominal GDP) के मामले में जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का स्थान प्राप्त कर लिया है। यह महत्त्वपूर्ण उपलब्धि देश के मज़बूत आर्थिक विकास पथ को दर्शाती है। इस वृद्धि के प्रमुख चालकों में 'मेक इन इंडिया' जैसी पहलों से प्रेरित विनिर्माण क्षेत्र और सूचना प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सेवाओं द्वारा संचालित एक सुदृढ़ सेवा क्षेत्र शामिल है। इसके अतिरिक्त, क्रय शक्ति समता (PPP) के आधार पर भारत, चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद, विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति बनाए हुए है, जो इसकी विशाल घरेलू बाज़ार क्षमता को रेखांकित करता है।

**43. (b)**

**व्याख्या:** युग्म I और III सही सुमेलित हैं, जबकि युग्म II गलत है। संविधान की छठी अनुसूची असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम में जनजातीय क्षेत्रों के प्रशासन के लिये स्वायत्त ज़िला परिषदों (ADCs) की स्थापना का प्रावधान करती है, जिन्हें विधायी तथा न्यायिक स्वायत्तता प्राप्त होती है। युग्म II गलत है क्योंकि अनुच्छेद 240 राष्ट्रपति को लद्दाख सहित कुछ केंद्रशासित प्रदेशों की शांति, प्रगति और सुशासन के लिये नियम बनाने का अधिकार देता है, यह ADCs को सीधे विधायी शक्तियाँ प्रदान नहीं करता। हाल ही में सरकार ने लद्दाख स्वायत्त पहाड़ी विकास परिषद (LAHDC) अधिनियम, 1997 में संशोधन कर लेह और कारगिल की परिषदों में महिलाओं के लिये एक-तिहाई आरक्षण का प्रावधान किया है। अत: केवल दो युग्म सही हैं।

**44. (d)**

**व्याख्या:** कथन (d) सही नहीं है। पांड्य राजवंश का शासन निर्बाध नहीं था। संगम युग के बाद, उन्हें कालभ्रों के हाथों सत्ता गँवानी पड़ी और बाद में 9वीं शताब्दी में वे चोलों के अधीन हो गए, जिसके पश्चात् 12वीं शताब्दी में वे परवर्ती पांड्यों के रूप में पुन: उभरे। कथन (a) सही है, क्योंकि उनके रोमन साम्राज्य, यूनानियों और मिस्रवासियों के साथ व्यापारिक संबंध थे। कथन (b) भी सही है; 13वीं सदी के इतालवी यात्री मार्को पोलो ने उनके राज्य का दौरा किया और उसकी प्रशंसा की। कथन (c) सही है, क्योंकि हाल ही में खोजा गया 800 वर्ष पुराना शिव मंदिर परवर्ती पांड्य शासक मारवर्मन सुंदर पांड्य के शासनकाल का है।

**45. (c)**

**व्याख्या:** तीनों कथन सही हैं। भारत का राष्ट्रीय क्वांटम मिशन (NQM) देश को क्वांटम प्रौद्योगिकी में अग्रणी बनाने के लिये एक महत्त्वाकांक्षी पहल है, जिसके तहत अगले आठ वर्षों में 50 से 1000 भौतिक क्यूबिट वाले क्वांटम कंप्यूटर विकसित करने का लक्ष्य है। क्वांटम कुंजी वितरण (QKD) एक अत्याधुनिक सुरक्षित संचार तकनीक है जो क्वांटम यांत्रिकी के सिद्धांतों का उपयोग करती है, जहाँ किसी भी अनधिकृत अवलोकन का प्रयास क्वांटम अवस्था को बाधित कर देता है, जिससे सेंधमारी का तुरंत पता चल जाता है। हाल ही में, IIT दिल्ली और DRDO ने फ्री-स्पेस (बिना ऑप्टिकल फाइबर के) में क्वांटम संचार का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया, जो उपग्रह-आधारित सुरक्षित संचार प्रणालियों के विकास की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**46. (c)**

**व्याख्या:** एपिजेनेटिक्स का तात्पर्य जीन अभिव्यक्ति में उन वंशानुगत परिवर्तनों से है जो डीएनए अनुक्रम में बदलाव के बिना होते हैं (कथन I सही है)। यह लेमार्कीय वंशागति के सिद्धांत को एक नई वैज्ञानिक वैधता प्रदान करता है, जो प्रस्तावित करता है कि किसी जीव द्वारा अपने जीवनकाल में अर्जित किये गए लक्षण उसकी अगली पीढ़ी को विरासत में मिल सकते हैं (कथन II सही है)। हाल के एक अध्ययन में पाया गया कि ठंडे तापमान के संपर्क में आने वाले चावल के पौधों में एपिजेनेटिक परिवर्तन हुए, जिससे उनमें शीत सहनशीलता विकसित हुई और यह गुण पाँच पीढ़ियों तक वंशानुगत रहा (कथन III सही है)। यह खोज महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह दर्शाती है कि पर्यावरणीय कारक आनुवंशिकता को कैसे प्रभावित कर सकते हैं। कथन IV गलत है, क्योंकि एपिजेनेटिक परिवर्तन एक सार्वभौमिक जैविक प्रक्रिया है जो पादपों और जंतुओं दोनों में होती है।

**47. (c)**

**व्याख्या:** केवल तीन पंक्तियाँ सही सुमेलित हैं। पंक्ति I, II और III सही हैं, जबकि IV गलत है।

- **पंक्ति I ( सही ):** नोमैडिक एलीफेंट भारत और मंगोलिया के बीच एक वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास है। इसका उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के शासनादेश के तहत पर्वतीय इलाकों में आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिये सैनिकों को प्रशिक्षित करना और अंतर-संचालनीयता को बढ़ाना है।
- **पंक्ति II ( सही ):** पासेक्स (PASSEX) एक पैसेज अभ्यास है, जिसे भारतीय नौसेना नियमित रूप से मित्र देशों की नौसेनाओं के साथ आयोजित करती है। हाल ही में यह अभ्यास भारतीय और इंडोनेशियाई नौसेनाओं के बीच सुंडा जलडमरूमध्य में आयोजित किया गया था।
- **पंक्ति III ( सही ):** सूर्य किरण भारत और नेपाल के बीच एक वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास है, जो दोनों देशों में बारी-बारी से आयोजित होता है। इसका उद्देश्य दोनों सेनाओं के बीच अंतर-संचालनीयता और मैत्रीपूर्ण संबंधों को मज़बूत करना है।
- **पंक्ति IV ( गलत ):** मालाबार एक बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास है, जिसमें भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त राज्य अमेरिका (क्वाड देश) शामिल हैं। इसमें संयुक्त राज्य अमेरिका का उल्लेख न होने के कारण यह पंक्ति गलत है।

**48. (a)**

**व्याख्या:** कथन-I, II और III तीनों सही हैं। दाओजली हाडिंग, असम के दीमा हसाओ ज़िले में स्थित, पूर्वोत्तर भारत की एक महत्त्वपूर्ण नवपाषाणकालीन (Neolithic) पुरातात्त्विक साइट है। यह इस क्षेत्र की एक प्रमुख संस्कृति का प्रतिनिधित्व करती है (कथन-I)। यहाँ से प्राप्त मृद्भांड, विशेष रूप से डोरियों के निशान वाले बर्तन और पॉलिश किये गए पत्थर के औजार (जैसे- कुल्हाड़ी और छेनी) दक्षिण-पूर्व एशिया की नवपाषाणकालीन संस्कृतियों के साथ इसके सांस्कृतिक संबंधों को उजागर करते हैं (कथन-II)। इसके अतिरिक्त, ये साक्ष्य शिकार-संग्रह से हटकर कृषि आधारित (संभवत: झूम खेती) एक स्थायी और व्यवस्थित जीवन शैली की ओर संक्रमण का संकेत देते हैं (कथन-III)। इस प्रकार, कथन-II और कथन-III दोनों ही दाओजली हाडिंग के नवपाषाणकालीन संस्कृति के प्रतिनिधि स्थल होने के कारणों की व्याख्या करते हैं।

**49. (b)**

**व्याख्या:** कथन I और II सही हैं। इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT) सेंसर, सॉफ्टवेयर और अन्य तकनीकों से युक्त भौतिक उपकरणों का एक नेटवर्क है, जो इंटरनेट पर अन्य उपकरणों तथा प्रणालियों से जुड़कर डेटा का आदान-प्रदान करता है। यह शहरी सेवाओं को बेहतर बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उदाहरण के लिये, स्मार्ट शहरों में IoT सेंसर का उपयोग यातायात प्रवाह की निगरानी करके ट्रैफिक को गतिशील रूप से प्रबंधित करने और स्ट्रीटलाइट्स को आवश्यकतानुसार समायोजित करके ऊर्जा बचाने के लिये किया जाता है। कथन III गलत है, क्योंकि भारत का डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (DPDP) अधिनियम, 2023, IoT उपकरणों द्वारा एकत्र किये गए व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करण को नियंत्रित करता है, जिससे उपयोगकर्त्ता की गोपनीयता और सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

**50. (b)**

**व्याख्या:** कथन I और IV सही हैं, जबकि कथन II एवं III गलत हैं।

- **कथन I सही है:** फसल अवशेष जलाने से मीथेन (CH4), कार्बन मोनोऑक्साइड (CO) और नाइट्रस ऑक्साइड (N2O) जैसी ग्रीनहाउस गैसों के साथ-साथ हानिकारक कणिकीय पदार्थ भी निकलते हैं, जो वायु प्रदूषण तथा जलवायु परिवर्तन में योगदान करते हैं।
- **कथन II गलत है:** बायोएथेनॉल और बायो-सीएनजी का उत्पादन एक एक्स-सीटू (खेत से बाहर) प्रबंधन तकनीक है, जिसमें फसल अवशेषों को एकत्र कर ऊर्जा उत्पादन के लिये उपयोग किया जाता है।



Copyright – Drishti The Vision Foundation

- **कथन III गलत है:** मल्चिंग एक इन-सीटू (खेत के भीतर) प्रबंधन तकनीक है। इसमें फसल अवशेषों को खेत की सतह पर फैला दिया जाता है ताकि मिट्टी की नमी बनी रहे और कटाव कम हो।
- **कथन IV सही है:** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (IARI) द्वारा विकसित पूसा डीकंपोज़र एक कवक-आधारित (fungi-based) कैप्सूल है, जो पराली के इन-सीटू अपघटन की प्रक्रिया को तेज़ करता है, जिससे इसे खाद में बदलने में मदद मिलती है।

**51. (a)**

**व्याख्या:** 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत की एक महत्त्वपूर्ण आतंकवाद-रोधी कार्रवाई है, जिसका मुख्य उद्देश्य पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी बुनियादी ढाँचों को लक्षित कर उन्हें निष्क्रिय करना है। नीति आयोग की हालिया बैठक में इस ऑपरेशन को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का सर्वसम्मत समर्थन मिला, जो राष्ट्रीय सुरक्षा पर एक एकीकृत दृष्टिकोण को दर्शाता है। यह ऑपरेशन सीमा पार आतंकवाद के प्रति भारत की शून्य-सहिष्णुता (zero-tolerance) की नीति और अपनी सुरक्षा के लिये सक्रिय कदम उठाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

**52. (c)**

**व्याख्या:** कथन I, II और III सही हैं, जबकि कथन IV गलत है।

- **कथन I सही है:** पुरुषों के शहरी क्षेत्रों में बढ़ते प्रवासन के कारण, ग्रामीण महिलाएँ कृषि कार्यों का नेतृत्व कर रही हैं, जिसे 'भारतीय कृषि का स्त्रीकरण' कहा जाता है।
- **कथन II सही है:** महिला किसान सशक्तीकरण परियोजना (MKSP) का एक उद्देश्य महिला किसानों को कृषि मशीनों की खरीद के लिये वित्तीय सहायता (अनुदान) प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना है।
- **कथन III सही है:** कृषि में महिलाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका के बावजूद, भू-स्वामित्व में लैंगिक असमानता व्याप्त है। आधिकारिक आँकड़ों के अनुसार, महिलाएँ केवल 14% कृषि भूमि की मालिक हैं, जो 15% से कम है।
- **कथन IV गलत है:** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (NFSM) महिला किसानों को समर्थन देने के लिये अपने बजट का 30% हिस्सा आवंटित करता है, न कि आधा (50%)।

**53. (b)**

**व्याख्या: कथन I गलत है:** चरक संहिता आयुर्वेद का एक मौलिक ग्रंथ है, किंतु यह मुख्य रूप से आंतरिक चिकित्सा (कायचिकित्सा) पर केंद्रित है, न कि शल्य चिकित्सा पर। शल्य चिकित्सा पर प्रमुख प्राचीन ग्रंथ सुश्रुत संहिता है।

- **कथन II सही है:** सुश्रुत को व्यापक रूप से "शल्य चिकित्सा का जनक" माना जाता है। उनकी सुश्रुत संहिता में प्लास्टिक सर्जरी, मोतियाबिंद और अन्य जटिल प्रक्रियाओं का विस्तृत वर्णन मिलता है।
- **कथन III सही है:** दोनों ही विद्वानों की शिक्षाएँ एक समग्र स्वास्थ्य दृष्टिकोण पर आधारित हैं। उन्होंने न केवल रोगों के उपचार पर, बल्कि संतुलित आहार, जीवनशैली और निवारक उपायों के माध्यम से स्वास्थ्य को बनाए रखने पर भी समान रूप से बल दिया।

**54. (b)**

**व्याख्या:** युग्म I और III सही सुमेलित हैं, जबकि II तथा IV गलत हैं।

- **युग्म I सही है:** एजेंडा 2063 अफ्रीकी संघ द्वारा अपनाया गया एक रणनीतिक ढाँचा है, जिसका उद्देश्य अगले 50 वर्षों में अफ्रीका का समावेशी और सतत् विकास सुनिश्चित करना है।
- **युग्म II गलत है:** अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार क्षेत्र (AfCFTA) विश्व का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार क्षेत्र है, लेकिन भारत इसका सदस्य नहीं है। यह अफ्रीकी देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के लिये है।
- **युग्म III सही है:** एशिया-अफ्रीका विकास गलियारा (AAGC) भारत और जापान द्वारा प्रस्तावित एक आर्थिक सहयोग समझौता है, जिसे अक्सर चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) के एक विकल्प के रूप में देखा जाता है।
- **युग्म IV गलत है:** भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन (IAFS) एक त्रिवार्षिक (triennial) आयोजन है, न कि द्विवार्षिक (biennial)। यह भारत और अफ्रीकी देशों के बीच सहयोग का सर्वोच्च मंच है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**55. (c)**

**व्याख्या:** सभी चार कथन सही हैं।

- **कथन I सही है:** हाल ही में यह सुझाव दिया गया है कि यदि कृषि सब्सिडी को अप्रत्यक्ष सहायता के बजाय सीधे किसानों के खातों में हस्तांतरित किया जाए, तो उनकी आय में काफी वृद्धि हो सकती है।
- **कथन II सही है:** यूरिया पर अत्यधिक सब्सिडी के कारण, भारत में NPK का खपत अनुपात (6.7:2.4:1) आदर्श अनुपात (4:2:1) से बहुत विकृत हो गया है, जिससे मृदा स्वास्थ्य और उत्पादकता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।
- **कथन III सही है:** शांता कुमार समिति (2015) की रिपोर्ट में यह उजागर किया गया था कि MSP का लाभ देश के केवल 6% किसानों को ही मिल पाता है, जो मुख्य रूप से कुछ राज्यों तक ही सीमित है।
- **कथन IV सही है:** भारत पर अक्सर WTO में विकसित देशों द्वारा यह आरोप लगाया जाता है कि वह चावल जैसी फसलों के लिये दी जाने वाली सब्सिडी के माध्यम से व्यापार-विकृत करने वाली घरेलू सहायता की 10% की सीमा का उल्लंघन करता है।

**56. (a)**

**व्याख्या:** कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या करता है। भारत के औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र में "मिसिंग मिडिल" (missing middle) की एक महत्त्वपूर्ण समस्या है, जहाँ बड़ी संख्या में सूक्ष्म और लघु उद्यम तो हैं, लेकिन मध्यम आकार के उद्यमों की संख्या बहुत कम है।

- कथन-I सही है क्योंकि मध्यम उद्यम, बड़ी कंपनियों और छोटे उद्यमों के बीच एक महत्त्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। वे आपूर्ति श्रृंखलाओं को मज़बूत करते हैं, नवाचार को बढ़ावा देते हैं और बड़े पैमाने पर रोज़गार सृजित करते हैं, जो एक मज़बूत औद्योगिक आधार के लिये आवश्यक है।
- कथन-II इस समस्या के मूल कारण को सही ढंग से रेखांकित करता है। सूक्ष्म और लघु उद्यमों को अक्सर विकास के लिये आवश्यक वित्त, उन्नत प्रौद्योगिकी और विशेषज्ञता तक पहुँचने में बाधाओं का सामना करना पड़ता है। ये बाधाएँ उन्हें मध्यम स्तर तक बढ़ने से रोकती हैं। चूँकि यह संरचनात्मक बाधा (कथन-II) मौजूद है, इसीलिये इन उद्यमों के विकास को लक्षित करना (जैसा कि हाल की नीति आयोग की रिपोर्ट में सुझाया गया है) औद्योगिक आधार को मज़बूत करने (कथन-I) के लिये एक महत्त्वपूर्ण रणनीति बन जाता है।

**57. (c)**

**व्याख्या:** कथन (a), (b) और (d) सही हैं। उन्नत भारत अभियान (UBA) शिक्षा मंत्रालय की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण विकास प्रक्रियाओं में परिवर्तन लाने के लिये उच्च शिक्षण संस्थानों (HEIs) को शामिल करना है। इस कार्यक्रम के तहत, HEIs अपने ज्ञान और विशेषज्ञता का उपयोग करके ग्रामीण समुदायों की विकास चुनौतियों का समाधान करते हैं। आईआईटी दिल्ली को इस कार्यक्रम के लिये राष्ट्रीय समन्वय संस्थान (National Coordinating Institute) के रूप में नामित किया गया है।

- **कथन (c) सही नहीं** है। उन्नत भारत अभियान के तहत, प्रत्येक प्रतिभागी उच्च शिक्षण संस्थान को कम-से-कम पाँच गाँवों को अपनाने के लिये प्रोत्साहित किया जाता है, न कि दस। इसका उद्देश्य संस्थानों और स्थानीय समुदायों के बीच एक सहयोगात्मक संबंध बनाना है ताकि स्थायी विकास के लिये समाधान खोजे जा सकें।

**58. (c)**

**व्याख्या:** केवल तीन कथन सही हैं। कथन I, II और III सही हैं, जबकि कथन IV गलत है।

- **कथन I सही है:** इन वीरता पुरस्कारों की घोषणा भारत के राष्ट्रपति द्वारा 76वें गणतंत्र दिवस, 2025 की पूर्व संध्या पर की गई थी।
- **कथन II सही है:** ये पुरस्कार सशस्त्र बलों और पुलिस कर्मियों को उनके अदम्य साहस, अद्वितीय बहादुरी तथा आत्म-बलिदान के उत्कृष्ट कार्यों के लिये दिये जाते हैं।
- **कथन III सही है:** अशोक चक्र शांतिकाल के दौरान वीरता, साहस या आत्म-बलिदान के लिये दिया जाने वाला भारत का सर्वोच्च सम्मान है।
- **कथन IV गलत है:** परमवीर चक्र (PVC) युद्धकाल के दौरान शत्रु के सामने प्रदर्शित की गई वीरता के लिये दिया जाने वाला भारत का सर्वोच्च सैन्य अलंकरण है, न कि शांतिकाल के लिये।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**59. (a)**

**व्याख्या: कथन I सही है:** वी. डी. सावरकर ने अपने भाई गणेश दामोदर सावरकर के साथ मिलकर वर्ष 1904 में 'अभिनव भारत सोसायटी' की स्थापना की थी। यह एक गुप्त संगठन था जिसका उद्देश्य सशस्त्र विद्रोह के माध्यम से ब्रिटिश शासन को उखाड़ फेंकना था।

- **कथन II सही है:** लंदन में अपने प्रवास के दौरान, सावरकर इतालवी राष्ट्रवादी ग्यूसेप माज़िनी के विचारों से अत्यधिक प्रेरित थे और उन्होंने 'फ्री इंडिया सोसायटी' की स्थापना की, जो भारतीय छात्रों के बीच राष्ट्रवादी विचारों का प्रसार करती थी।
- **कथन III गलत है:** सावरकर को अलीपुर बम कांड (1908) में दोषी नहीं ठहराया गया था; उस मामले में मुख्य अभियुक्त अरबिंदो घोष और उनके भाई बारीन घोष थे। सावरकर को नासिक के कलेक्टर जैक्सन की हत्या की साजिश (नासिक षड्यंत्र कांड) के आरोप में दोषी ठहराया गया था।

**60. (c)**

**व्याख्या:** कथन I, II और III सही हैं, जबकि IV गलत है। मैग्नाकार्टा (लैटिन में 'महान चार्टर') एक ऐतिहासिक दस्तावेज़ है जिसे 15 जून, 1215 को इंग्लैंड के राजा जॉन ने अपने सामंतों (barons) के दबाव में आकर हस्ताक्षरित किया था। यह दस्तावेज़ पहली बार इस सिद्धांत को स्थापित करने के लिये महत्त्वपूर्ण है कि राजा सहित कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं है। इसने व्यक्तिगत स्वतंत्रता के संरक्षण, मनमाने ढंग से कारावास पर रोक और निष्पक्ष सुनवाई के अधिकार जैसे मौलिक अधिकारों की नींव रखी, जिसने भविष्य के कई संवैधानिक दस्तावेज़ों को प्रभावित किया।

- हालाँकि कथन IV गलत है क्योंकि मैग्नाकार्टा ने संसदीय लोकतंत्र या सार्वभौमिक मताधिकार की स्थापना नहीं की थी; ये अवधारणाएँ सदियों बाद विकसित हुईं। इसका तत्काल ध्यान सामंतों के अधिकारों की रक्षा करना था, न कि आम नागरिकों को व्यापक राजनीतिक अधिकार देना।

**61. (c)**

**व्याख्या:** केवल तीन कथन सही हैं।

- **कथन I सही है:** नेहरू, यूगोस्लाविया के टीटो और मिस्र के नासिर के साथ, गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM) के प्रमुख वास्तुकारों में से एक थे, जिसने शीत युद्ध के दौरान नव-स्वतंत्र राष्ट्रों को एक मंच प्रदान किया।
- **कथन II सही है:** वे सोवियत मॉडल से बहुत प्रभावित थे और उन्होंने भारत के आर्थिक व सामाजिक विकास के लिये केंद्रीकृत पंचवर्षीय योजनाओं की देखरेख हेतु वर्ष 1950 में योजना आयोग की स्थापना की।
- **कथन III सही है:** उन्होंने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'भारत की खोज' (The Discovery of India) 1942 और 1945 के बीच अहमदनगर किले में अपने कारावास के दौरान लिखी थी।
- **कथन IV गलत है:** संविधान सभा की मसौदा समिति के अध्यक्ष डॉ. बी. आर. अंबेडकर थे। नेहरू ने संघ शक्ति समिति और संघ संविधान समिति जैसी अन्य महत्त्वपूर्ण समितियों की अध्यक्षता की थी।

**62. (c)**

**व्याख्या:** केवल तीन कथन सही हैं।

- **कथन I सही है:** वीरता पुरस्कारों को दो श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। परमवीर चक्र (PVC) और महावीर चक्र (MVC) 'शत्रु के समक्ष' असाधारण वीरता के लिये दिये जाने वाले सर्वोच्च पुरस्कारों में से हैं।
- **कथन II सही है:** अशोक चक्र, कीर्ति चक्र और शौर्य चक्र उन वीरता पुरस्कारों की श्रेणी में आते हैं जो 'शत्रु के समक्ष' के अतिरिक्त अन्य परिस्थितियों में प्रदर्शित शौर्य तथा आत्म-बलिदान के लिये दिये जाते हैं।
- **कथन III सही है:** भारत सरकार द्वारा स्थापित वरीयता क्रम के अनुसार, महावीर चक्र का स्थान कीर्ति चक्र से उच्चतर है। स्थापित वरीयता क्रम इस प्रकार है: परमवीर चक्र, अशोक चक्र, महावीर चक्र, कीर्ति चक्र, वीर चक्र और शौर्य चक्र।
- **कथन IV गलत है:** इन वीरता पुरस्कारों की घोषणा वर्ष में दो बार की जाती है—पहला गणतंत्र दिवस के अवसर पर और दूसरा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर।

**63. (a)**

**व्याख्या:** कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या करता है। केंद्र सरकार की 'पूँजीगत निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता' (SASCI) योजना का मुख्य उद्देश्य राज्यों द्वारा किये जाने वाले पूँजीगत व्यय को बढ़ावा देना है, क्योंकि इसका अर्थव्यवस्था पर उच्च गुणक प्रभाव (multiplier effect) पड़ता है (कथन-I)।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये, यह योजना राज्यों को 50-वर्षीय ब्याज-मुक्त ऋण के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करती है (कथन-II)। यह वित्तीय प्रोत्साहन राज्यों को ऋण-सेवा के बोझ के बिना स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढाँचे जैसी दीर्घकालिक परियोजनाओं में निवेश करने के लिये प्रेरित करता है, जो सीधे तौर पर कथन-I में वर्णित उद्देश्य की पूर्ति करता है।

**64. (c)**

**व्याख्या:** केवल तीन युग्म सही सुमेलित हैं।

- **युग्म I सही है:** 'मिष्टी' (तटीय पर्यावासों और ठोस आमदनी के लिये मैंग्रोव पहल) योजना का उद्देश्य भारत की तटरेखा और लवण भूमि पर मैंग्रोव वृक्षारोपण को सुविधाजनक बनाना है।
- **युग्म II सही है:** मैंग्रोव अलायंस फॉर क्लाइमेट (MAC) COP27 में शुरू किया गया एक अंतर-सरकारी गठबंधन है, जिसका उद्देश्य मैंग्रोव पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण और पुनर्स्थापन के प्रयासों में तेज़ी लाना है।
- **युग्म III सही है:** सुंदरबन, जो भारत और बांग्लादेश में फैला है, विश्व का सबसे बड़ा एकल मैंग्रोव वन है और यह एक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल भी है।
- **युग्म IV गलत है:** चक्रवात बिपरजॉय (2023) अरब सागर में उत्पन्न हुआ एक अत्यंत गंभीर और धीमी गति से चलने वाला चक्रवात था, न कि बंगाल की खाड़ी में। अरब सागर में बढ़ते तापमान के कारण ऐसे चक्रवातों की तीव्रता बढ़ रही है।

**65 (d)**

**व्याख्या:** सभी चारों कथन सही हैं।

- बोको हरम पूर्वोत्तर नाइजीरिया में स्थित एक जिहादी आतंकवादी संगठन है।
- **कथन I सही है:** इसकी स्थापना वर्ष 2002 में मोहम्मद यूसुफ द्वारा एक इस्लामी सांप्रदायिक आंदोलन के रूप में की गई थी, जो पश्चिमी शिक्षा और संस्कृति का विरोध करता है।
- **कथन II सही है:** यह संगठन नाइजीरिया के अलावा लेक चाड बेसिन के अन्य देशों, जैसे चाड, नाइजर और उत्तरी कैमरून में भी सक्रिय है, जिससे यह एक क्षेत्रीय सुरक्षा खतरा बन गया है।
- **कथन III सही है:** वर्ष 2015 में, बोको हरम ने इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड द लेवेंट (ISIL) के प्रति निष्ठा की घोषणा की और खुद को 'इस्लामिक स्टेट इन वेस्ट अफ्रीका प्रोविंस' (ISWAP) के रूप में नामित किया।
- **कथन IV सही है:** संगठन का अंतिम लक्ष्य नाइजीरियाई सरकार को उखाड़ फेंकना और एक कट्टरपंथी इस्लामी खिलाफत की स्थापना करना है, जो शरिया कानून के सख्त संस्करण पर आधारित हो।

**66. (a)**

**व्याख्या:** कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या करता है। वर्ष 1975 में लगाया गया राष्ट्रीय आपातकाल 'आंतरिक अशांति' के आधार पर घोषित किया गया था, जिसे एक अस्पष्ट और व्यापक आधार माना गया। इस अनुभव के बाद, भविष्य में अनुच्छेद 352 के दुरुपयोग को रोकने के लिये कई सुरक्षा उपाय पेश किये गए (कथन-I)।

- इन उपायों को 44वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1978 के माध्यम से लागू किया गया। इसका सबसे महत्त्वपूर्ण प्रावधान 'आंतरिक अशांति' (internal disturbance) शब्द को अधिक विशिष्ट और गंभीर शब्द 'सशस्त्र विद्रोह' (armed rebellion) से प्रतिस्थापित करना था (कथन-II)। यह बदलाव सीधे तौर पर उस सुरक्षा उपाय को स्थापित करता है जिसका उल्लेख कथन-I में है, क्योंकि यह सरकार के लिये मनमाने ढंग से आपातकाल घोषित करने की शक्ति को सीमित करता है। अत: कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।

**67. (c)**

**व्याख्या:** केवल तीन कथन सही हैं। कथन I, II और III सही हैं, जबकि कथन IV गलत है।

- **कथन I सही है:** 'नव्या' पहल, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (RKSK) के तहत स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू की गई एक महत्त्वपूर्ण योजना है।
- **कथन II सही है:** इस पहल का प्राथमिक लक्ष्य 10-19 वर्ष की आयु वर्ग की किशोरियों के समग्र स्वास्थ्य और कल्याण में सुधार करना है, जिसमें शारीरिक तथा मानसिक दोनों पहलू शामिल हैं।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- **कथन III सही है:** यह योजना कई प्रमुख स्वास्थ्य क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करती है, जिनमें मासिक धर्म स्वच्छता, बेहतर पोषण, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और गैर-संचारी रोगों की रोकथाम शामिल है।
- **कथन IV गलत है:** 'नव्या' एक राष्ट्रव्यापी पहल है, जिसे केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं रखा गया है। इसे स्कूलों और आँगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से शहरी तथा ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में लागू किया जा रहा है ताकि इसकी पहुँच व्यापक हो सके।

**68. (d)**

**व्याख्या:** तीनों कथन सही हैं।

- **कथन I सही है:** 35वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1974 के माध्यम से सिक्किम को एक 'सह-राज्य' (Associate State) का दर्जा दिया गया था, जिसके लिये संविधान में एक नया अनुच्छेद 2A और एक नई दसवीं अनुसूची जोड़ी गई थी।
- **कथन II सही है:** वर्ष 1975 में हुए एक जनमत संग्रह के बाद, 36वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1975 ने सिक्किम को भारत के 22वें पूर्ण राज्य के रूप में स्थापित किया। इस संशोधन ने अनुच्छेद 2A और दसवीं अनुसूची को निरस्त कर दिया।
- **कथन III सही है:** अनुच्छेद 371F में सिक्किम राज्य के लिये विशेष प्रावधान हैं। इसके खंड (f) के अनुसार, सिक्किम की विधानसभा में सदस्यों की संख्या तीस से कम नहीं होगी, जो अन्य राज्यों के लिये सामान्य न्यूनतम सीमा (60 सदस्य) से एक अपवाद है।

**69. (b)**

**व्याख्या:** उपर्युक्त में से केवल दो कथन सही हैं। कथन I और III सही हैं, जबकि कथन II गलत है।

- **कथन I सही है:** पूर्वोत्तर क्षेत्र भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति का केंद्र है, जो इसे दक्षिण-पूर्व एशिया के लिये एक रणनीतिक प्रवेश द्वार बनाता है।
- **कथन II गलत है:** इस क्षेत्र में भारत की लगभग 40% जलविद्युत क्षमता मौजूद है, न कि 50% से अधिक।
- **कथन III सही है:** सिलीगुड़ी कॉरिडोर, जिसे 'चिकन नेक' भी कहा जाता है, पूर्वोत्तर को शेष भारत से जोड़ने वाली एक महत्त्वपूर्ण रणनीतिक और आर्थिक कड़ी है।

**70 (c)**

**व्याख्या:** केवल तीन कथन सही हैं। कथन I, II और III सही हैं, जबकि कथन IV गलत है।

- **कथन I सही है:** हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को मातृत्व लाभ अधिनियम के प्रावधानों पर पुनर्विचार करने का निर्देश दिया है, ताकि तीसरे बच्चे के लिये भी लाभ प्रदान करने की संभावना तलाशी जा सके।
- **कथन II सही है:** मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम, 2017 के तहत, 26 सप्ताह का सवैतनिक अवकाश केवल पहली दो संतानों के लिये ही उपलब्ध है। दो से अधिक बच्चों वाली महिलाओं के लिये यह लाभ सीमित है।
- **कथन III सही है:** न्यायालय का यह निर्देश उन महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक वास्तविकताओं को ध्यान में रखता है, जिन्हें अक्सर परिस्थितियों के कारण दो से अधिक बच्चे पैदा करने पड़ते हैं, विशेष रूप से असंगठित क्षेत्र में।
- **कथन IV गलत है:** यह अधिनियम मुख्य रूप से संगठित क्षेत्र पर लागू होता है, अर्थात् उन प्रतिष्ठानों पर जहाँ 10 या अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। यह असंगठित क्षेत्र की एक बड़ी आबादी को अपने दायरे से बाहर रखता है, जो इसकी एक प्रमुख सीमा है।

**71. (c)**

**व्याख्या:** कथन I, II और III सही हैं, जबकि कथन IV गलत है।

- **कथन I सही है:** बिरसा मुंडा ने वर्ष 1899-1900 में 'उलगुलान' या महाविद्रोह का नेतृत्व किया, जो सामंती व्यवस्था, ज़मींदारी प्रथा और ब्रिटिश हुकूमत के विरुद्ध एक सशस्त्र संघर्ष था।
- **कथन II सही है:** इस विद्रोह ने औपनिवेशिक सरकार पर दबाव डाला, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 1908 में छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम पारित हुआ। इस कानून ने आदिवासी भूमि को गैर-आदिवासियों को हस्तांतरित करने पर प्रतिबंध लगा दिया।
- **कथन III सही है:** बिरसा मुंडा ने 'बिरसाइत' नामक एक नए धर्म की स्थापना की। यह एक एकेश्वरवादी विश्वास-प्रणाली थी, जिसने अंधविश्वास, पशु बलि जैसी प्रथाओं का विरोध किया और नैतिक आचरण पर बल दिया।
- **कथन IV गलत है:** यद्यपि बिरसा मुंडा 'सरदारी' आंदोलन से प्रभावित थे, जोकि एक शांतिपूर्ण आंदोलन था, किंतु उनका अपना 'उलगुलान' आंदोलन एक सशस्त्र विद्रोह था, जिसमें गुरिल्ला युद्ध जैसी रणनीतियों का उपयोग किया गया था। अत: उन्होंने पूर्णत: शांतिपूर्ण तरीके नहीं अपनाए।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**72. (d)**

**व्याख्या:** सभी चार कथन सही हैं।

- **कथन I सही है:** हाल ही में लॉन्च की गई नैफिथ्रोमाइसिन (मिडकैफ) 30 वर्षों में भारत में विकसित पहली स्वदेशी एंटीबायोटिक है, जो AMR से निपटने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।
- **कथन II सही है:** भारत पशुधन में शीर्ष एंटीबायोटिक उपभोक्ताओं में से एक है, जहाँ लगभग 70% का उपयोग पशुधन, कृषि और जलीय कृषि में विकास को बढ़ावा देने के लिये किया जाता है, जो प्रतिरोध के प्रसार में योगदान देता है।
- **कथन III सही है:** रोगाणुरोधी प्रतिरोध (AMR) एक प्रमुख वैश्विक खतरा है और विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने इसे शीर्ष 10 वैश्विक स्वास्थ्य जोखिमों में से एक के रूप में वर्गीकृत किया है।
- **कथन IV सही है:** 'रेड लाइन अभियान' का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उन दवाओं के प्रति सचेत करना है, जिन पर लाल रेखा अंकित हो और उन्हें बिना डॉक्टर के पर्चे के उपयोग करने से हतोत्साहित करना है।

**73. (b)**

**व्याख्या:** कथन I और III सही हैं, जबकि कथन II गलत हैं।

- **कथन I सही है:** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) ने शहरी बाढ़ की बढ़ती आवृत्ति और विशिष्ट चुनौतियों को देखते हुए इसे एक अलग प्रकार की आपदा के रूप में मान्यता दी है और इसके प्रबंधन के लिये दिशा-निर्देश जारी किये हैं।
- **कथन II गलत है:** 'स्पंज सिटी' की अवधारणा का उद्देश्य वर्षा जल के सतही अपवाह (surface runoff) को अधिकतम करना नहीं, बल्कि उसे प्राकृतिक रूप से सोखकर और संग्रहीत करके **न्यूनतम** करना है। इसका लक्ष्य पारगम्य सतहों को बढ़ाना है।
- **कथन III सही है:** अमृत (AMRUT) मिशन के प्रमुख उद्देश्यों में से एक, शहरी क्षेत्रों में जल आपूर्ति के साथ-साथ सीवेज नेटवर्क और जल निकासी प्रणालियों (drainage systems) में सुधार करना है ताकि बाढ़ जैसी स्थितियों को रोका जा सके।
- शहरी बाढ़ एक जटिल घटना है जो मानव निर्मित कारकों (जैसे- अनियोजित शहरीकरण, जल निकायों पर अतिक्रमण) और प्राकृतिक कारकों (जैसे- अत्यधिक वर्षा, बादल फटना) दोनों का संयुक्त परिणाम है। इसे केवल एक ही प्रकार के कारक का परिणाम नहीं माना जा सकता।

**74. (d)**

**व्याख्या:** तीनों कथन सही हैं।

- **कथन I सही है:** वैज्ञानिकों ने हाल ही में देश की पहली क्लोन और जीन-संपादित भेड़ 'गंगा' का निर्माण किया है। इसके लिये एक नई, कुशल और कम लागत वाली 'हैंड-गाइडेड क्लोनिंग' तकनीक का उपयोग किया गया है।
- **कथन II सही है:** इस क्लोन मेमने में 'Fit-1' नामक एक विशेष जीन को शामिल किया गया है, जिसका उद्देश्य भेड़ में मांस के उत्पादन को बढ़ाना है।
- **कथन III सही है:** हैंड-गाइडेड क्लोनिंग तकनीक में पारंपरिक माइक्रोस्कोप के स्थान पर हाथ से पकड़े जाने वाले उपकरणों का उपयोग किया जाता है, जो इसे अधिक कुशल और कम खर्चीला बनाता है।

**75. (c)**

**व्याख्या:** केवल तीन कथन सही हैं। कथन I, II और III सही हैं, जबकि कथन IV गलत है।

- **कथन I सही है:** सर्वोच्च न्यायालय ने अपने एक ऐतिहासिक निर्णय में महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन (Permanent Commission) प्रदान किया, जिससे वे कमान पदों पर आसीन होने के योग्य हो गईं।
- **कथन II सही है:** सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद, राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (NDA) ने महिला कैडेटों की भर्ती शुरू कर दी है, जो सशस्त्र बलों में महिलाओं के लिये एक महत्त्वपूर्ण प्रगति है।
- **कथन III सही है:** भारतीय नौसेना ने अपनी सभी शाखाओं को महिलाओं के लिये खोल दिया है, जिसमें उन्हें युद्धपोतों पर नाविक (sailors) के रूप में सेवा करने की अनुमति देना भी शामिल है, जो लैंगिक समानता की दिशा में एक बड़ा कदम है।
- **कथन IV गलत है:** अग्निपथ योजना के तहत महिलाओं को 'अग्निवीर' के रूप में भर्ती किया जा रहा है, जो अधिकारी रैंक से नीचे का पद है। इसलिये, भर्ती केवल अधिकारी रैंक तक सीमित नहीं है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**76. (c)**

**व्याख्या:** केवल तीन युग्म सही सुमेलित हैं। युग्म I, II और IV सही हैं, जबकि III गलत है।

- **युग्म I सही है:** इरेडा (IREDA) एक 'नवरत्न' का दर्जा प्राप्त केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है।
- **युग्म II सही है:** इसकी स्थापना वर्ष 1987 में एक गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थान (NBFI) के रूप में की गई थी, जिसका उद्देश्य हरित वित्तपोषण को बढ़ावा देना है।
- **युग्म III गलत है:** इरेडा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (Ministry of New and Renewable Energy) के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करता है, न कि वित्त मंत्रालय के।
- **युग्म IV सही है:** सार्वजनिक उद्यम विभाग (DPE) द्वारा किये गए प्रदर्शन मूल्यांकन में इरेडा को 'उत्कृष्ट' (Excellent) रेटिंग प्रदान की गई है।

**77. (b)**

**व्याख्या: कथन I सही है:** 'डार्क पैटर्न' वेबसाइटों और ऐप्स पर उपयोग की जाने वाली हेरफेर करने वाली डिज़ाइन तकनीकें हैं, जिन्हें उपभोक्ताओं को धोखा देने या उन पर ऐसे कार्य करने के लिये दबाव डालने हेतु तैयार किया जाता है जो वे करना नहीं चाहते।

- **कथन II सही है:** इन्हें एक 'अनुचित व्यापार व्यवहार' माना जाता है और केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA) ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत इन्हें रोकने के लिये दिशा-निर्देश जारी किये हैं।
- **कथन III गलत है:** इन पर अंकुश लगाने के लिये दिशा-निर्देश केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA) द्वारा जारी किये गए हैं, न कि नीति आयोग द्वारा।

**78. (c)**

**व्याख्या:** सभी तीन युग्म सही सुमेलित हैं।

- **युग्म I सही है:** भारत के पहले 3nm चिप डिज़ाइन केंद्र की स्थापना देश के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को आत्मनिर्भर बनाने और उसे बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण रणनीतिक कदम है।
- **युग्म II सही है:** मेघालय की गुफाओं में एक नई अंधी मछली प्रजाति की खोज हुई है, जो इस क्षेत्र की अनूठी और समृद्ध जैवविविधता को उजागर करती है तथा पारिस्थितिक अध्ययन के लिये महत्त्वपूर्ण है।
- **युग्म III सही है:** गोवा का पूर्ण कार्यात्मक साक्षर राज्य बनना, सामाजिक विकास के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो 100% साक्षरता के लक्ष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**79. (b)**

**व्याख्या:** केवल दो कथन सही हैं।

- **कथन I सही है:** प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (PM-AJAY) को तीन मौजूदा योजनाओं—प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, अनुसूचित जाति उप-योजना हेतु विशेष केंद्रीय सहायता और बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजना—को मिलाकर बनाया गया है।
- **कथन II गलत है:** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (NCSC) एक **संवैधानिक निकाय** है, जिसकी स्थापना अनुच्छेद 338 के तहत की गई है, न कि एक सांविधिक निकाय।
- **कथन III सही है:** स्टैंड-अप इंडिया योजना के तहत प्रत्येक बैंक शाखा के लिये यह अनिवार्य है कि वह कम-से-कम एक अनुसूचित जाति (SC) या अनुसूचित जनजाति (ST) के उद्यमी को ऋण प्रदान करे।
- श्रेष्ठा (SHRESHTA) योजना का उद्देश्य लक्षित क्षेत्रों में **अनुसूचित जाति (SC)** के मेधावी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा प्रदान करना है।

**80. (a)**

**व्याख्या:** कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या करता है।

- **कथन-I** सही है क्योंकि राजनीतिक दलों द्वारा किया जाने वाला असीमित और अपारदर्शी खर्च चुनावी प्रक्रिया में धन-बल के प्रभाव को बढ़ाता है, जिससे सभी उम्मीदवारों के लिये एक समान अवसर (level playing field) बाधित होता है तथा यह स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों के लिये एक गंभीर चुनौती है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- **कथन-II** भी सही है और यह कथन-**I** की सटीक व्याख्या करता है। भारत के चुनावी कानूनों के तहत, उम्मीदवारों के लिये व्यक्तिगत खर्च की सीमाएँ तो निर्धारित हैं, लेकिन राजनीतिक दलों के समग्र खर्च पर कोई आधिकारिक या कानूनी सीमा नहीं है। यही कानूनी कमी दलों को भारी मात्रा में धन खर्च करने की अनुमति देती है, जो कथन-I में वर्णित चुनौती का मूल कारण है।

**81. (b)**

**व्याख्या:** केवल दो युग्म सही सुमेलित हैं।

- **युग्म I सही है:** मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम (PMLA), 2002 के तहत, ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्मों को 'रिपोर्टिंग इकाई' के रूप में नामित किया गया है। उन्हें वित्तीय खुफिया इकाई-भारत (FIU-IND) को संदिग्ध लेन-देन की रिपोर्ट करनी होती है।
- **युग्म II गलत है:** वित्तीय खुफिया इकाई-भारत (FIU-IND) रिपोर्टिंग संस्थाओं से संदिग्ध लेन-देन पर जानकारी प्राप्त करती है, उसका विश्लेषण करती है और उसे प्रसारित करती है। यह सीधे तौर पर केवाईसी (KYC) मानक निर्धारित नहीं करती है; ये मानक आम तौर पर RBI जैसे नियामकों द्वारा निर्धारित किये जाते हैं।
- **युग्म III सही है:** प्रस्तावित डिजिटल इंडिया अधिनियम के तहत गेमिंग प्लेटफॉर्मों के लिये एक 'गेमिंग आचार संहिता' को अनिवार्य करने का सुझाव दिया गया है, ताकि उपयोगकर्त्ता सुरक्षा और नैतिक प्रथाओं को सुनिश्चित किया जा सके।

**82. (d)**

**व्याख्या:** सभी चार युग्म सही सुमेलित हैं।

- **युग्म I सही है:** सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) ने GDP के आधार वर्ष को 2011-12 से संशोधित कर **2022-23** करने की घोषणा की है।
- **युग्म II सही है:** इससे पहले सबसे हालिया संशोधन 30 जनवरी, 2015 को किया गया था, जब आधार वर्ष को **2004-05 से बदलकर 2011-12** किया गया था।
- **युग्म III सही है: MoSPI** ने राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी पर एक सलाहकार समिति का गठन किया है, जिसके अध्यक्ष **बिस्वनाथ गोल्दर** हैं, जो आधार वर्ष के निर्धारण पर सलाह देगी।
- **युग्म IV सही है:** आधार वर्ष को 2017-18 में संशोधित करने की योजना को **विमुद्रीकरण (2016) और GST कार्यान्वयन** (2017) जैसे प्रमुख आर्थिक व्यवधानों के कारण स्थगित कर दिया गया था।

**83. (b)**

**व्याख्या:** मैंग्रोव वन तटीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिये एक महत्त्वपूर्ण प्राकृतिक सुरक्षा कवच हैं। इनकी जटिल और सघन जड़ प्रणाली तरंगों की ऊर्जा को अवशोषित करती है तथा हवा की गति को धीमा कर देती है, जिससे चक्रवात एवं सुनामी जैसी प्राकृतिक आपदाओं का प्रभाव काफी हद तक कम हो जाता है। ये तटरेखा को स्थिर करते हैं और कटाव को रोकते हैं। मैंग्रोव खारे पानी के प्रति सहिष्णु होते हैं और तटीय क्षेत्रों में ही पनपते हैं। इनकी उपस्थिति तटीय समुदायों की सुरक्षा और आजीविका के लिये महत्त्वपूर्ण है, न कि इनकी कटाई से समृद्धि बढ़ती है। अत: विकल्प (b) मैंग्रोव की भूमिका का सबसे सटीक और सही विवरण प्रस्तुत करता है।

**84. (d)**

**व्याख्या:** सभी चार कथन सही हैं।

- **कथन I सही है:** RBI की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, बैंक ने 2.68 लाख करोड़ रुपए का रिकॉर्ड अधिशेष प्राप्त किया, जो पिछले वर्ष के 2.11 लाख करोड़ रुपए से 27.37% अधिक है।
- **कथन II सही है:** मार्च 2025 तक RBI की बैलेंस शीट में वार्षिक रूप से 8.2% की वृद्धि हुई, जो इसकी बढ़ती आय और परिसंपत्तियों को दर्शाता है।
- **कथन III सही है:** रिपोर्ट के अनुसार, विदेशी परिसंपत्तियाँ (सोना और ऋण सहित) **RBI** की कुल परिसंपत्तियों का 74.27% थीं, जो इसके विदेशी मुद्रा भंडार के महत्त्व को रेखांकित करता है।
- **कथन IV सही है: RBI** के स्वर्ण भंडार में 57.48 मीट्रिक टन की वृद्धि हुई, जिससे कुल स्वर्ण होल्डिंग 879.58 मीट्रिक टन हो गई।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**85. (b)**

**व्याख्या:** कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।

- **कथन-I** सही है क्योंकि वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (FATF) द्वारा किसी देश को 'ग्रे लिस्ट' में डालना यह संकेत देता है कि उस देश के मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी वित्तपोषण विरोधी कानूनों में रणनीतिक कमियाँ हैं, जिससे उसकी अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय साख तथा प्रतिष्ठा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।
- **कथन-II** सही है। 'ग्रे लिस्ट' में शामिल देशों को FATF द्वारा बढ़ी हुई निगरानी प्रक्रिया के अधीन रखा जाता है। इसके परिणामस्वरूप, विश्व बैंक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) जैसे संस्थान और अन्य देश उस देश के साथ वित्तीय लेन-देन में अतिरिक्त सावधानी बरतते हैं, जिससे उसकी वैश्विक वित्तीय प्रणाली तक पहुँच सीमित हो सकती है।
- कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है क्योंकि देश की साख पर नकारात्मक प्रभाव (कथन-I) और बढ़ी हुई निगरानी का सामना करना (कथन-II), ये दोनों एक ही मूल कारण (रणनीतिक कमियों का पाया जाना) के दो अलग-अलग परिणाम हैं। प्रतिष्ठा पर प्रभाव ग्रे लिस्ट में डाले जाने की घोषणा का एक तात्कालिक परिणाम है। इसके विपरीत, बढ़ी हुई निगरानी उस घोषणा के बाद की जाने वाली एक प्रक्रियात्मक कार्रवाई है।
- अत:, बढ़ी हुई निगरानी (कथन-II) प्रतिष्ठा के नुकसान (कथन-I) का कारण नहीं है, बल्कि ये दोनों एक ही समस्या के भिन्न-भिन्न परिणाम हैं। इसलिये, कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है।

**86. (c)**

**व्याख्या:** केवल दो कथन सही हैं। कथन I और III सही हैं, जबकि कथन II गलत है।

- **कथन I सही है:** भारत G7 समूह का सदस्य नहीं है, फिर भी उसे पिछले छह वर्षों से लगातार और कुल मिलाकर बारहवीं बार एक 'आउटरीच देश' के रूप में आमंत्रित किया गया है।
- **कथन II गलत है:** G7 एक **अनौपचारिक** समूह है, जिसका कोई औपचारिक संविधान या स्थायी सचिवालय नहीं है। इसके निर्णय सर्वसम्मति पर आधारित होते हैं और कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं होते।
- **कथन III सही है:** इस शिखर सम्मेलन के प्रमुख परिणामों में से एक 'कनानास्किस वाइल्डफायर चार्टर' था, जिसका उद्देश्य वनाग्नि के खतरों से निपटने के लिये विज्ञान-आधारित समाधानों को बढ़ावा देना है।

**87. (c)**

**व्याख्या:** केवल तीन पंक्तियाँ सही सुमेलित हैं।

- **युग्म I सही है:** कनाडा के कनानास्किस में 51वें G7 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें भारत को एक 'आउटरीच देश' के रूप में आमंत्रित किया गया था।
- **युग्म II सही है:** सितवे बंदरगाह, म्याँमार में स्थित है और यह भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति के तहत 'कलादान मल्टी-मॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट' का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है।
- **युग्म III सही है:** न्यू कैलेडोनिया, प्रशांत महासागर में एक फ्राँसीसी विदेशी क्षेत्र है, जो हाल ही में फ्राँस द्वारा प्रस्तावित चुनावी सुधारों के कारण गंभीर अशांति और स्वतंत्रता आंदोलन के लिये चर्चा में रहा।
- **युग्म IV गलत है:** अल-उदीद, कतर में स्थित एक अमेरिकी सैन्य अड्डा है, जिसे हालिया संघर्ष के दौरान **ईरान** द्वारा मिसाइलों से लक्षित किया गया था, न कि इज़रायल द्वारा।

**88. (c)**

**व्याख्या:** केवल तीन कथन सही हैं।

- **कथन I सही है:** भारत विश्व के शीर्ष दस कृषि उत्पाद निर्यातकों में से एक है, जो इसके विशाल कृषि उत्पादन आधार को दर्शाता है।
- **कथन II सही है:** कृषि निर्यात नीति, 2018 का लक्ष्य वर्ष 2022 तक भारत के कृषि निर्यात को 60 बिलियन डॉलर से अधिक तक बढ़ाना था।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- **कथन III सही है:** भारतीय कृषि निर्यात, विशेष रूप से बासमती चावल और मसाले, अक्सर यूरोपीय संघ जैसे बाज़ारों में कीटनाशकों की अत्यधिक मात्रा के कारण अस्वीकृति का सामना करते हैं।
- **कथन IV गलत है:** अपनी विशाल क्षमता के बावजूद, वैश्विक कृषि निर्यात में भारत की हिस्सेदारी केवल 2.4% है, जो 2.5% से कम है।

**89. (b)**

**व्याख्या:** दोनों कथन सही हैं, लेकिन कथन-II, कथन-I की व्याख्या नहीं करता।

- **कथन-I:** हिंदू कुश हिमालय क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के कारण गंभीर संकट का सामना कर रहा है।
- हिंदू कुश हिमालय क्षेत्र (HKH) विश्व के सबसे अधिक जलवायु-संवेदनशील क्षेत्रों में गिना जाता है।
- यहां ग्लेशियरों का तेज़ पिघलना, मौसम के पैटर्न में अस्थिरता, बाढ़, भूस्खलन तथा जैवविविधता में गिरावट जैसी समस्याएं जलवायु परिवर्तन के कारण उत्पन्न हो रही हैं।
- अनेक वैज्ञानिक रिपोर्टों व अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं (जैसे- ICIMOD) ने इस क्षेत्र के गंभीर पारिस्थितिक, आर्थिक व सामाजिक संकट को प्रमाणित किया है। इसलिये, कथन-I सही है।
- **कथन-II:** सागरमाथा संवाद एक क्षेत्रीय पहल है, जो इन साझा पारिस्थितिक चुनौतियों से निपटने के लिये शुरू की गई है।
- सागरमाथा संवाद नेपाल सरकार द्वारा शुरू किया गया एक बहुपक्षीय प्लेटफॉर्म है, जिसका नाम माउंट एवरेस्ट (सागरमाथा) के नाम पर है।
- इसका उद्देश्य हिमालय क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन, पर्वतीय पारिस्थितिकी, सतत् विकास, व पारिस्थितिकीय संकटों पर क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है।
- इसमें हिमालयी देशों एवं संबंधित पक्षों के बीच विचार-विमर्श एवं समाधान खोजने की कोशिश होती है। इसलिये, कथन-II भी सही है।

**कथनों के बीच संबंध:**

- यद्यपि दोनों कथन सही हैं, सागरमाथा संवाद हिमालयी पारिस्थितिक चुनौतियों पर केंद्रित है, जिसमें HKH क्षेत्र की समस्याएं भी आती हैं।
- परंतु, कथन-II, कथन-I के संकट का प्रत्यक्ष कारण या विशिष्ट व्याख्या नहीं है, बल्कि एक व्यापक क्षेत्रीय पहल है।
- अत:, कथन-II कथन-I की व्याख्या नहीं करता।
  अत: विकल्प (b) सही है।

**90. (c)**

**व्याख्या:** केवल तीन कथन सही हैं। कथन I, II और III सही हैं, जबकि कथन IV गलत है।

- **कथन I सही है:** भारत के शहरी विकास का लक्ष्य एक ऐसे राष्ट्रीय शहरी नीति ढाँचे को अपनाना है, जो एकीकृत स्थानिक विकास योजनाओं पर आधारित हो ताकि व्यवस्थित और सतत् विकास सुनिश्चित किया जा सके।
- **कथन II सही है:** स्मार्ट सिटी मिशन का एक मुख्य उद्देश्य प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर शहरी जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना और नागरिकों के लिये बेहतर सेवाएँ प्रदान करना है।
- **कथन III सही है:** भारत में शहरी स्थानीय निकाय (ULBs) अक्सर सीमित राजस्व स्वायत्तता और अपर्याप्त वित्तीय हस्तांतरण के कारण संघर्ष करते हैं, जो उनकी कार्यक्षमता के लिये एक बड़ी चुनौती है।
- **कथन IV गलत है:** शहरी अवसंरचना में निजी क्षेत्र की भागीदारी बहुत कम है। सरकारी आँकड़ों के अनुसार, यह केवल 5% तक ही सीमित है, न कि 50% से अधिक।

**91. (a)**

**व्याख्या:** कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या करता है।

- **कथन-I** सही है क्योंकि 'ड्रोन शक्ति' योजना जैसी पहल के माध्यम से ड्रोन जैसी महत्त्वपूर्ण प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता हासिल करना, देश की रणनीतिक स्वायत्तता (strategic autonomy) को सीधे तौर पर मज़बूत करता है। यह भारत को बाहरी दबावों से मुक्त होकर स्वतंत्र निर्णय लेने में सक्षम बनाता है।
- **कथन-II** भी सही है और यह कथन-I का सटीक कारण बताता है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य 'ड्रोन-एज-ए-सर्विस' (DaaS) को बढ़ावा देना और स्वदेशी विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है। स्वदेशी उत्पादन को प्रोत्साहित करके, यह योजना आयातों पर भारत की निर्भरता को कम करती है, जो रणनीतिक स्वायत्तता प्राप्त करने का एक मूलभूत पहलू है।



Copyright – Drishti The Vision Foundation

**92. (a)**

**व्याख्या: युग्म 1: बर्च ग्लेशियर - अंटार्कटिका में स्थित एक ग्लेशियर**

- यह युग्म **सही** है। बर्च ग्लेशियर (Borchgrevink Glacier) वास्तव में अंटार्कटिका की विक्टोरिया लैंड में स्थित एक बड़ा ग्लेशियर है।
- **युग्म 2: माउंट एटना - उत्तरी अमेरिका का सर्वोच्च शिखर**
- यह युग्म **गलत** है। माउंट एटना इटली के सिसिली द्वीप पर स्थित यूरोप का सबसे ऊँचा और सबसे सक्रिय ज्वालामुखी है। उत्तरी अमेरिका का सर्वोच्च शिखर **माउंट डेनाली** है।
- **युग्म 3: माउंट डेनाली - विश्व का तीसरा सबसे ऊँचा पर्वत**
- यह युग्म **गलत** है। माउंट डेनाली (जिसे पहले माउंट मैकिनले के नाम से जाना जाता था) उत्तरी अमेरिका का सबसे ऊँचा पर्वत है, न कि दुनिया का तीसरा सबसे ऊँचा पर्वत। विश्व का तीसरा सबसे ऊँचा पर्वत **माउंट कंचनजंगा** है।
- **युग्म 4:** यह युग्म **गलत** है। माउंट कंचनजंगा हिमालय में स्थित दुनिया का तीसरा सबसे ऊँचा पर्वत है।

**निष्कर्ष:**

- उपरोक्त विश्लेषण से यह स्पष्ट है कि केवल पहला युग्म (बर्च ग्लेशियर - अंटार्कटिका) सही ढंग से सुमेलित है, जबकि अन्य तीन युग्मों का विवरण गलत है। इसलिये, सही उत्तर (a) केवल एक है।

**93. (c)**

**व्याख्या:** कथन (a), (b) और (d) सही हैं। वैश्विक भुखमरी सूचकांक (GHI) एक वार्षिक रिपोर्ट है जिसे **'कंसर्न वर्ल्डवाइड'** और **'वेल्थुंगरहिल्फ'** द्वारा संयुक्त रूप से प्रकाशित किया जाता है। इसका उद्देश्य वैश्विक, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तरों पर भुखमरी को व्यापक रूप से मापना तथा ट्रैक करना है। यह चार प्रमुख संकेतकों पर आधारित है: **अल्पपोषण (undernourishment), चाइल्ड वेस्टिंग (child wasting), चाइल्ड स्टंटिंग (child stunting) और बाल मृत्यु दर (child mortality)**। GHI स्कोर की गणना 100 अंकों के पैमाने पर की जाती है, जिसमें 0 सबसे अच्छा स्कोर (यानी कोई भुखमरी नहीं) है।

- **कथन (c) सही नहीं** है। हाल के वर्षों की GHI रैंकिंग में, भारत का प्रदर्शन अक्सर अपने कई पड़ोसी देशों, जैसे कि पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका, की तुलना में कम रहा है। यह भारत के लिये एक महत्त्वपूर्ण नीतिगत चुनौती को उजागर करता है।

**94. (c)**

**व्याख्या: कथन I सही है:** आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, 1923 की जड़ें औपनिवेशिक काल के भारतीय गोपनीयता अधिनियम, 1889 में हैं, जिसे बाद में और कठोर बनाया गया था।

- **कथन II सही है:** यह कानून भारत के सभी नागरिकों पर लागू होता है, चाहे वे देश में हों या विदेश में।
- **कथन III गलत है:** यह कानून गैर-भारतीय नागरिकों पर भी लागू होता है, यदि वे भारत की सुरक्षा के विरुद्ध जासूसी जैसी गतिविधियों में शामिल पाए जाते हैं।
- **कथन IV सही है:** अधिनियम की धारा 3 सीधे तौर पर जासूसी से संबंधित है और इसे एक दंडनीय अपराध घोषित करती है, जिसके लिये कठोर सज़ा का प्रावधान है।

**95. (c)**

**व्याख्या:** केवल तीन कथन सही हैं। कथन I, III और IV सही हैं, जबकि कथन II गलत है।

- **कथन I सही है:** भारत के विदेशी नागरिक (OCI) योजना को वर्ष 2005 में नागरिकता अधिनियम, 1955 में संशोधन के माध्यम से पेश किया गया था।
- **कथन II गलत है:** OCI योजना धारकों को भारत में रहने, काम करने और यात्रा करने की अनुमति तो देती है, लेकिन यह **दोहरी नागरिकता प्रदान नहीं करती** है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- **कथन III सही है:** OCI योजना के लिये पात्रता में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश के विदेशी नागरिक इसके लिये पात्र नहीं हैं।
- **कथन IV सही है:** प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिये, भारतीय मूल के व्यक्ति (PIO) और OCI कार्ड योजनाओं को वर्ष 2015 में एकीकृत कर दिया गया था।

**96. (c)**

**व्याख्या:** केवल तीन कथन सही हैं। कथन I, II और III सही हैं, जबकि कथन IV गलत है।

- **कथन I सही है:** भारत सरकार का लक्ष्य है कि देश 2047 तक विश्व का सबसे बड़ा हवाई यात्री बाज़ार बन जाए, जो इसके बढ़ते आर्थिक प्रभाव को दर्शाता है।
- **कथन II सही है:** परिचालन में हवाई अड्डों की संख्या वर्ष 2014 में 74 से बढ़कर वर्ष 2024 में 157 हो गई है, जो दोगुने से भी अधिक की वृद्धि है।
- **कथन III सही है:** यह क्षेत्र पर्यटन से जुड़े उद्योगों सहित, लगभग 7.7 मिलियन नौकरियों का समर्थन करता है, जो इसके व्यापक सामाजिक-आर्थिक प्रभाव को रेखांकित करता है।
- **कथन IV गलत है:** विमानन क्षेत्र का सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में कुल योगदान (पर्यटन सहित) लगभग 1.5% है, जो 5% से कम है।

**97. (d)**

**व्याख्या:** सभी चार कथन सही हैं।

- **कथन I सही है:** तमिलनाडु में हाल ही में खोजा गया यह शिव मंदिर 800 वर्ष पुराना है और इसका संबंध परवर्ती पांड्य काल (Later Pandya period) से है, जो 1216 से 1345 ईस्वी तक चला।
- **कथन II सही है:** मंदिर में मिले शिलालेख और शिल्प शास्त्र से यह पुष्टि होती है कि यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित था तथा इसका नाम 'थेन्नावनीश्वरम' था।
- **कथन III सही है:** इसका निर्माण 1217-1218 ईस्वी के दौरान पांड्य शासक मारवर्मन सुंदर पांड्य के शासनकाल में किया गया था।
- **कथन IV सही है:** मंदिर से मिले शिलालेखों में 'नागनकुडी' नामक एक जलाशय को 64 कासु (तत्कालीन सिक्के) में बेचे जाने का भी उल्लेख मिलता है।

**98. (c)**

**व्याख्या:** केवल तीन कथन सही हैं। कथन I, II और IV सही हैं, जबकि कथन III गलत है।

- **कथन I सही है:** इंटरपोल ने अपनी 93वीं महासभा में 'सिल्वर नोटिस' को आधिकारिक तौर पर मंजूरी दी, जो वित्तीय अपराधों से निपटने की दिशा में एक नया कदम है।
- **कथन II सही है:** इस नोटिस का प्राथमिक उद्देश्य सदस्य देशों को अपराधियों द्वारा अर्जित अवैध संपत्तियों का पता लगाने, उन्हें जब्त करने और फ्रीज़ करने में सहायता करना है।
- **कथन III गलत है:** यह नोटिस केवल मनी लॉन्ड्रिंग तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह भ्रष्टाचार और अन्य वित्तीय अपराधों से प्राप्त आय से निपटने के लिये भी बनाया गया है।
- **कथन IV सही है:** यह आपराधिक संपत्तियों की अंतर्राष्ट्रीय वसूली के लिये एक महत्त्वपूर्ण उपकरण के रूप में काम करेगा, जिससे सदस्य देशों के बीच सहयोग बढ़ेगा।

**99. (c)**

**व्याख्या:** केवल तीन कथन सही हैं। कथन I, II और IV सही हैं, जबकि कथन III गलत है।

- **कथन I सही है:** तीसरा संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन 2025 में फ्राँस और कोस्टा रिका द्वारा सह-आयोजित किया जाना है, जिसका उद्देश्य महासागर संरक्षण पर वैश्विक कार्रवाई को गति देना है।
- **कथन II सही है:** सतत् विकास लक्ष्य-14 (SDG-14) विशेष रूप से "जलीय जीवन" (Life Below Water) के संरक्षण और सतत् उपयोग पर केंद्रित है।
- **कथन III गलत है:** उच्च समुद्री संधि, जिसे 'राष्ट्रीय अधिकार क्षेत्र से परे जैवविविधता' (BBNJ) संधि भी कहा जाता है, का उद्देश्य राष्ट्रीय अधिकार क्षेत्र से **परे** के क्षेत्रों में समुद्री जैवविविधता का संरक्षण और सतत् उपयोग करना है, न कि उसके भीतर।
- **कथन IV सही है:** नाइस घोषणा-पत्र तीसरे संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन का एक प्रमुख अपेक्षित परिणाम है, जिसमें महासागरों के संरक्षण के लिये नई प्रतिबद्धताएँ शामिल हैं।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**100. (c)**

**व्याख्या:** केवल तीन कथन सही हैं। कथन I, II और III सही हैं, जबकि कथन IV गलत है।

- **कथन I सही है:** यह अधिनियम परमाणु दुर्घटना की स्थिति में संयंत्र के संचालक (operator) पर कठोर और दोष-रहित (strict and no-fault) दायित्व डालता है, जिसका अर्थ है कि दायित्व के लिये लापरवाही साबित करने की आवश्यकता नहीं है।
- **कथन II सही है:** अधिनियम की धारा 17(b) विशिष्ट है क्योंकि यह संचालक को दुर्घटना की स्थिति में आपूर्तिकर्त्ताओं (suppliers) से क्षतिपूर्ति का दावा करने का अधिकार देती है, जो एक अनूठा प्रावधान है।
- **कथन III सही है:** अधिनियम में दावों का तेज़ी से निपटारा करने और पीड़ितों को न्यायसंगत मुआवजा सुनिश्चित करने के लिये एक 'परमाणु क्षति दावा आयोग' (Nuclear Damage Claims Commission) की स्थापना का प्रावधान है।
- **कथन IV गलत है:** भारत ने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) के तत्त्वावधान में हुए पूरक क्षतिपूर्ति अभिसमय (Convention on Supplementary Compensation - CSC) की पुष्टि वर्ष 2016 में की थी।


Copyright – Drishti The Vision Foundation